

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 26 जुलाई - 1 अगस्त, 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

श्रावण (अधिक), पक्ष - शुक्ल, तिथि - अष्टमी , संवत 2079 पृष्ठ : 8 बुधवार वर्ष-9, अंक-22, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## ठोकर! बहुत दर्द होता है, बड़ों के अनुभव से बचा जा सकता है!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**हमें** जब कभी बड़े-बुजुर्गों के पास बैठने का मौका मिलता है तो उनसे बहुत ही अच्छी-अच्छी बातें सुनने को मिल जाती है और ये बातें अनायास ही मिल जाती है। सिर्फ इन बातों को हमें जीवन में उतारने की जरूरत होती है। अगर इन बातों को हम जीवन में उतार लें तो बहुत सी परेशानी हमारे सामने ही नहीं आती है। मगर कहते हैं न कि 'जब तक ठोकर न खाए, ठाकर नहीं बाजते'। इसलिए जो लोग अपने बड़ों की बात को नहीं मानते हैं वे ठोकरें खाते हैं। जो लोग ठोकर लगने का कारण ढूंढ़ लेते हैं, तो वे आगे लगने वाली ठोकरों से बच जाते हैं। वरना तो ठोकर पै ठोकर खाते ही चले जाते हैं और उनकी उम्र ठोकरें खाने में ही गुजर जाती है। कुछ लोग ठोकर खाके उठ जाते हैं। और ऐसे चलते हैं कि दुबारा ठोकर लगती ही नहीं है। एक गाना भी है कि.... गिरना नहीं है, गिरके संभालना है जिंदगी। जो लोग अपने अग्रज यानि अपने से बड़ों का अनुसरण करें अगर बड़ों का आचरण अच्छा हो, तो कभी परेशानी नहीं आ सकती। ज्यों-ज्यों उम्र बढ़ती जाती है अनुभवों का थैला भी भरता जाता है। मगर जब अच्छा और बुरा, अपना-पराया, सही-गलत को पहचानने का समय निकल जाए तो कुछ नहीं किया जा सकता। क्योंकि 'सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया, दिन में अगर चिराग जलाए तो क्या किया।' इसलिए हमारे महापुरुषों के आचरण और उनकी जीवन गाथाओं को पढ़ना चाहिए, उनको गुणना चाहिए। अक्सर हमें देखने को मिलता है कि कई बुजुर्ग बच्चों को या अन्य किसी आने-जाने वाले को अपने पास बुला लेते हैं और अपने जीवन के संस्मरण और अनुभव बताने लगते हैं। क्योंकि उनके जीवन की लंबी यात्रा में उनके पास जीवन के बहुतेरे अनुभव इकट्ठे हो चुके होते हैं। अब वो ऐसे लोगों को ढूंढ़ते हैं जो उनकी बातों को ध्यान से सुनें और हो सके तो उन पर अमल भी करे। लेकिन आजकल का युवा और बच्चे उनकी बातों में कोई रुचि नहीं रखते हैं। उनको बीते जमाने की बातें कहकर हवा में उड़ा देते हैं। मगर उन बड़े लोगों की बातें उनके नहीं रहने पर याद जरूर आती हैं, क्योंकि आज का युवा कल उनकी उम्र में पहुंचेगा तो उसके पास भी बहुत से अनुभव इकट्ठे हो जाएंगे। तो फिर उन्हें भी कोई सुनने वाला ढूंढ़ना पड़ेगा।

Shivdayalmishra@gmail.com

### लोकसभा में मणिपुर को लेकर विपक्ष का हंगामा

# इंडिया नाम हथियाने से कुछ नहीं होगा-मोदी | भारत की तुलना ईस्ट इंडिया से कर रहे-खड़गे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** मणिपुर मुद्दे पर मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में सुबह 11 बजे जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष नारेबाजी करने लगा। स्पीकर ने 3 मिनट बाद ही सदन को दो बजे तक स्थगित कर दिया।

यही स्थिति लोकसभा के दोबारा शुरू होने पर भी बनी रही। सांसदों ने सदन में नारेबाजी की और अध्यक्ष की आसंदी के पास पहुंचकर इंडिया फॉर मणिपुर के पोस्टर दिखाए। इसके बाद लोकसभा दोबारा 5 बजे तक के लिए स्थगित की गई। उधर, राज्यसभा में भी ऐसे हालात रहे। कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। मणिपुर के मसले पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस और AAP समेत विपक्षी दल स्थगन प्रस्ताव लाए थे।

राज्यसभा तीसरी बार नारेबाजी के बीच शुरू हुई। दो घंटे से ज्यादा समय तक कार्रवाई चली। इस दौरान संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 पारित हुआ। कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित की गई। शाम पांच बजे लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हुई। इस दौरान अमित शाह ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। शाह ने खेती-किसानी और सहकारिता की बात की। विपक्ष ने मणिपुर-मणिपुर, शेम-शेम, जवाब दो-जवाब दो, वी वॉन्ट जस्टिस (हमें न्याय चाहिए) के नारे लगाए। वहीं विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर सदन में खड़े हुए तो शाह ने कहा कि और जोर से नारे लगाइए। आपको न दलितों में इंटरेस्ट है और न ही सहकारिता में। इसलिए नारेबाजी कर रहे हैं। शाह सदन में बयान देते रहे और विपक्षी सांसद शोरशराबा करते रहे।



### विपक्षी गठबंधन INDIA और BJP संसदीय दल ने की मीटिंग

इससे पहले भाजपा संसदीय दल की मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन I.N.D.I.A पर बयान दिया। कहा- सत्ता चाहने वाले और देश को तोड़ने वाले ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिद्दीन जैसे नाम रख रहे हैं। राज्यसभा में अपोजिशन लीडर मल्लिकार्जुन खड़गे ने PM के बयान पर ऐतराज जताया। उन्होंने कहा- हम मणिपुर की बात कर रहे हैं और प्रधानमंत्री इंडिया की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से कर रहे। अरे, आप मणिपुर पर बात करिए ना। विपक्षी दलों ने मंगलवार सुबह रणनीति बनाने के लिए बैठक की थी। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है।

### लोग इंडिया नाम से गुमराह नहीं होगे-पीएम मोदी



पीएम मोदी की अध्यक्षता में भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई। जिसमें PM ने विपक्षी गठबंधन के नाम I.N.D.I.A पर कहा- जो लोग सत्ता चाहते हैं और देश को तोड़ना चाहते हैं वो ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिद्दीन जैसे नाम रख रहे हैं। इनमें भी इंडिया आता है। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया में भी इंडिया नाम आता है, लेकिन लोग इससे गुमराह नहीं होंगे।

### पीएम मोदी भारत की तुलना ईस्ट इंडिया से कर रहे- खड़गे



**राज्यसभा** में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मणिपुर में बच्चियों का रेप हो रहा है। मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। हम मणिपुर की बात कर रहे हैं और पीएम मोदी इंडिया की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से कर रहे हैं। आप मणिपुर पर बात करिए ना।

### आप चाहे जो बुलाएं, मिस्टर मोदी, हम INDIA हैं- राहुल



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, "आप हमें जो चाहें बुलाएं, मिस्टर मोदी। हम INDIA हैं। हम मणिपुर के जख्मों पर मरहम लगाने में मदद करेंगे। हर महिला और बच्चे के आंसू पोंछेंगे। उनके लोगों के लिए प्यार और शांति वापस लाएंगे। हम मणिपुर में भारत के विचार को दोबारा बनाएंगे।"

### मणिपुर : दरिंदगी की शिकार हुई महिलाओं के परिजनों से मिली DCW चीफ स्वाति मालीवाल



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** मणिपुर वायरल वीडियो की पीड़िताओं के परिजनों से दिल्ली महिला आयोग की चीफ स्वाति मालीवाल ने मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो स्वाति ने खुद ट्वीट कर सार्वजनिक की है। साथ ही उन्होंने पीड़िताओं के परिजनों से हुई मुलाकात निष्कर्ष भी कैप्शन के रूप में लिखा है। मालीवान ने राहत कैंप का दौरा किया, जहां हिंसा प्रभावित हजारों लोग जैसे-तैसे गुजारा कर रहे हैं। ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर स्वाति ने लोगों की परेशानी को समझा। हिंसा प्रभावित और वायरल वीडियो की पीड़िताओं के परिजनों से मुलाकात के बाद स्वाति मालीवान ने राज्य सरकार पर करारा हमला। उन्होंने दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग बुलंद करते हुए सीएम को हटाने का आह्वान किया।

## जागरूक खबरें

**सीकर में सभा**

### 27 को 5 मेडिकल कॉलेजों का मोदी करेंगे लोकार्पण

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** राज्य के 5 नए मेडिकल कॉलेजों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जुलाई को लोकार्पण करेंगे। ये कॉलेज धौलपुर, चित्तौड़गढ़, सिरोही, श्रीगंगानगर और सीकर में स्थापित किए गए हैं। गौरतलब है कि पीएम इस दिन सीकर में सभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन वर्चुअल कार्यक्रम में बूंदी, सवाईमाधोपुर करौली, झुंझुनूं, बारां, टोंक और जैसलमेर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भी इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होने की संभावना है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

**6.5 करोड़ को लाभ**

### ईपीएफ पर 8.15 फीसदी ब्याज को केंद्र की मंजूरी


**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.15 फीसदी की ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। इससे करीब साढ़े छह करोड़ कर्मचारियों को फायदा होगा। ब्याज की राशि अगस्त से आनी शुरू हो जाएगी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सरकार से इस दर की सिफारिश की थी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को नई दर की अधिसूचना जारी कर दी। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए यह दर 8.10 फीसदी थी। ईपीएफओ ने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को 2022-23 के लिए ईपीएफ पर 8.15 फीसदी की दर से ब्याज सदस्यों के खातों में जमा करने को कहा है।

### ट्विटर का नाम और लोगो बदले

**वाशिंगटन @ जागरूक जनता।** ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने इस बार ट्विटर का नाम और लोगो दोनों बदल दिए। ट्विटर का नया नाम अब 𝕏 होगा। साथ ही नीली चिड़िया का लोगो भी बदलकर 'एक्स' कर दिया। मस्क ने अपनी प्रोफाइल पिक भी बदलकर 'एक्स' कर दी है।

### दूसरा टेस्ट ड्रॉ, भारत ने शृंखला जीती

**त्रिनिदाद @ जागरूक जनता।** भारत और वेस्ट इंडीज के बीच दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को लगातार बारिश के कारण एक भी ओवर नहीं फेंका जा सका और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। वेस्ट इंडीज ने 365 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन के अंत तक दो विकेट के नुकसान पर 76 रन बना लिये थे। विंडीज को जीत के लिये 289 रन चाहिये थे, जबकि भारत को विजय हासिल करने के लिये आठ विकेट की दरकार थी।



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की है कि सिंगापुर के डीएस-एसएआर उपग्रह को 6 सह-यात्री उपग्रहों के साथ ले जाने वाला ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी56 आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 30 जुलाई को लॉन्च करेंगे। **जागरूक जनता**






ANCHOR **रणथम्भौर में फिर बजा खुशियों का थाल**

# तीन शावकों के साथ दिखी एरोहैड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सवाईमाधोपुर।** रणथम्भौर बाघ परियोजना में एक बार फिर से खुशियों का थाल बज गया है। इस बार वन्यजीव प्रेमियों को खुशी का मौका रणथम्भौर की प्रसिद्ध बाघिन एरोहैड यानी टी-84 ने दिया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बाघिन रणथम्भौर के नालघाटी वन क्षेत्र में तीनशावकों के साथ वन विभाग के फोटो ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। शावकों की उम्र करीब दो से ढाई माह के आसपास बताई जा रही है। बाघिन के शावकों के साथ कैमरे में कैद होने के बाद वन विभाग की ओर से एहतियात के तौर पर मॉनिटरिंग में इजाफा कर दिया गया है। वहीं बाघिन के तीनशावकों के साथनजर आने के बाद अब एक बार फिर रणथम्भौर में बाघों के कुनबे में इजाफा हो गया है। और अब यह आंकड़ा बढ़कर 78 तक जा पहुंचा है। गौरतलब है कि बाघिन का विचरण आम तौर पर बाघ टी-120 व टी-101 के साथ रहता है।

### चौथी बार बनी मां



वन अधिकारियों ने बताया कि बाघिन टी-84 यानी एरोहैड की उम्र करीब नौ वर्ष है और यह रणथम्भौर की बाघिन टी-19 यानी कृष्णा की संतान है। बाघिन ने चौथी बार शावकों को जन्म दिया है। एरोहैड के पहले लिटर के तीन शावक जन्म के कुछ दिन बाद ही वन विभाग की नजरों से ओझलहो गए थे। इसके बाद दूसरे लिटर में बाघिन ने दो शावकों को जन्म दिया था। इन्हें टी-124 यानी रिद्धी व टी-125 यानी सिद्धी के नाम से जानाजाता है। वहीं तीसरी बार के शावक भी कुछ दिन बाद लापता हो गए थे। जून में लगातार हंटिंग लॉज के आसपास का मूवमेंट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जून माह में कई दिनों तक बाघिन का मूवमेंट हंटिंग लॉज इलाके में बना हुआ था। ऐसे में उस समय भी बाघिन के शावकों को जन्म देने की संभावना जातई गई थी लेकिन इसकी अधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की गई थी।

### इन क्षेत्रों में रहता है मूवमेंट

वन विभाग के अनुसार बाघिन एरोहैड का मूवमेंट रणथम्भौर के हंटिंग लॉज वन क्षेत्र, नालघाटी, झालरा, नलसटका, नयारस्ता, खेमचा कुण्ड आदि वन क्षेत्र में रहता है। जून माह में बाघिन को झालरा वन क्षेत्र में देखा गया था, उस समय भी बाघिन की शारीरिक संरचना में बदलाव नजर आ रहा था।

**बाघिन** एरोहैड तीन शावकों के साथ वन विभाग के फोटो ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। वन विभाग की ओर से मॉनिटरिंग कराई जा रही है। यह खुशी की बात है कि अभ्यारण्य क्षेत्र में बाघों की संख्या बढ़ रही है।

**-मोहित गुप्ता,** उपवन संरक्षक, रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर।

# जनाना हॉस्पिटल में बिना सहमति महिला की नसबंदी

## ऑपरेशन से की गई थी डिलवेरी, वार्ड में डॉक्टर-स्टाफ थे बर्थ-डे बिजी, पति ने दी थाने में शिकायत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर के जनाना हॉस्पिटल में बिना सहमति एक महिला की नसबंदी करने का मामला सामने आया है। महिला की ऑपरेशन से डिलेवरी के समय डॉक्टर-स्टॉफ हॉस्पिटल में बर्थ-डे मना रहे थे। सिंधी कैम्प थाने में पीड़िता के पति ने मंगलवार दोपहर शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

CI (सिंधी कैम्प) जयमल सिंह ने बताया कि मकराना के कुकड़ोद निवासी रामसिंह ने शिकायत दी है। 21 जुलाई को पत्नी पूनम कंवर को दूसरी डिलेवरी के लिए जनाना हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। पूनम को जिस वार्ड में भर्ती करवाया गया था, उस वार्ड के इंचार्ज डॉ. पवन कुमार अग्रवाल है। पीड़िता के पति का आरोप है कि पूनम की ऑपरेशन से डिलवेरी हुई। उस समय वार्ड डॉक्टर और अन्य स्टाफ वार्ड में किसी के बर्थ-डे मनाने में बिजी थे। डॉ. पवन व अन्य केक काटने में डॉक्टर-स्टाफ इतने बिजी थे कि उन्होंने बिना परमिशन पूनम कंवर की नसबंदी कर डाली। पति का आरोप है कि जब नसबंदी की गई, उस समय वह बेहाशी के हालात में थी। महिला की नसबंदी को लेकर कोई सहमति नहीं ली। परिजनों से भी नसबंदी को लेकर कोई सहमति नहीं ली गई और सूचना भी नहीं दी गई। डिलेवरी के बाद पूनम को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। दो दिन बाद डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने लापरवाही छिपाने के लिए प%ी व परिवारजनों को बताया कि आपके बेटी हुई है। आपको सरकार से 50 हजार का अनुदान मिलेगा, इसलिए आपके हस्ताक्षर की आवश्यकता है। यह बताते हुए पूनम से धोखा देकर साइन करा लिए। इसके बाद 24 जुलाई को हॉस्पिटल से कॉल कर रामसिंह को बताया गया कि आपकी प%ी का नसबंदी का ऑपरेशन किया गया है। जनाना हॉस्पिटल के डॉ. पवन कुमार अग्रवाल का कहना है कि मेरा वार्ड है, लेकिन जब ऑपरेशन हुआ, तब मैं नहीं था। मैंने इस मामले की जानकारी ली है। परिजन गलत बोल रहे है। परिजनों को दो-तीन बार बुलाया था, वह नहीं आएं। महिला की सहमति व साइन करने पर नसबंदी की गई है।

# देश में NIA जयपुर की अलग पहचान

## एक साल में 182 बच्चों का 'पंचकर्म पद्धति' से निशुल्क इलाज

### ऑटिज्म, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और सेरेब्रल पाल्सी बीमारी से थे पीड़ित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** केरल, कर्नाटक के बाद जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के बाल रोग विभाग में 0 से 16 साल तक की उम्र के ऑटिज्म, मस्कुलर डिस्ट्राफी (एमडी) और सेरेब्रल पाल्सी (सीपी) बीमारी से पीड़ित 182 बच्चों का पंचकर्म पद्धति से इलाज के बाद एक नई आशा दिखी है।

जिसमें सीपी के 131, मस्कुलर डिस्ट्राफी के 28 व ऑटिज्म के 23 बच्चे शामिल हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा और यूपी से भी ऑटिज्म, मस्कुलर डिस्ट्राफी और सेरेब्रेल पाल्सी बीमारी से पीड़ित बच्चे इलाज के लिए आने पर एक अलग पहचान बनी है। यहां पर भर्ती बच्चों का पंचकर्म पद्धति से निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। केस 1 बीकानेर निवासी 8 साल का मयंक आनुवांशिक बीमारी डीएमडी से पीड़ित को कमजोरी के कारण सीढ़ियां चढ़ने और चलने में दिक्कत थी। संस्थान में 4 से 5 बार सीटिंग के लिए आना पड़ा। गुडुचि, अश्वगंधा, बला, शतावरी दवा और मुस्तादिराजपान, अभ्यंग, षष्टिक शालि पिंड स्वेद पद्धति से नियमित इलाज लेने के बाद अब सीढ़ियां चढ़ना और दौड़ना आसान हो गया है। केस 2 यूपी के सिद्धार्थ नगर निवासी तीन साल के सेरेब्रल पाल्सी बीमारी से पीड़ित कार्तिक को जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के बालरोग विभाग में भर्ती कराया। हाथ-पैर में कमजोरी थी। जिसके कारण चल-फिर नहीं सकता था। चार सिटिंग के बाद बच्चा अब बिना किसी सहारे के चल सकता है।

### पंचकर्म क्रिया 15 से 21 दिन की

बीमारी से पीड़ित बच्चों में मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए प्रोटोकोल के तहत औषधियों के जरिए पंचकर्म क्रिया 15 से 21 दिन तक भर्ती रखकर की जाती है। 5 से 6 सीटिंग में सुधार आने लगता है और 6 से 6 माह बाद बिना सहारे चलने लगता है। पंचकर्म में अभ्यंग, स्वेदन, षष्टिक शालि पिंड स्वेद, बस्ती कर्म है। विभिन्न तरह की औषधियों से निर्मित तेल क्वाथ, शिरोपिचु, नस्य कर्म का प्रयोग किया जाता है।

बच्चों के इलाज के लिए अलग से बाल पंचकर्म यूनिट की स्थापना की है। जहां पर बच्चों के इलाज के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे है। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र व यूपी से भी पंचकर्म पद्धति से इलाज कराने के लिए आ रहे है।

-डॉ. संजीव शर्मा, कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर

## जागरूक खबरें

### 27 को थमेंगे लो-फ्लोर बसों के पहिये

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शहर में संचालित 200 लो-फ्लोर बसों के पहिये 27 जुलाई को थम जाएंगे। जेसीटीएसएल एम्पलॉइज यूनियन एटक ओल्ड पेंशन संयुक्त संघर्ष समिति राजस्थान के बैनर तले 27 जुलाई को कार्य बहिष्कार किया जाएगा। यूनियन अध्यक्ष विपिन चौधरी ने बताया कि ओल्ड पेंशन स्कीम की विसंगतियों को हटाने की मांग को लेकर दो दिन कार्मिक टोडी और बगराना आगार पर कार्य बहिष्कार करते हुए धरना देंगे।

### नि :शुल्क आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर का होगा आयोजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा जयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्रों के व्यक्तियों को नि:शुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए आमेर एंव बस्सी तहसील में नि:शुल्क आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के संयुक्त निदेशक (प्रशासन) ने बताया कि 2 अगस्त को बस्सी के श्रीरामनगर गांव में एवं 3 अगस्त को आमेर के उदयपुरिया गांव में नि:शुल्क आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन के लिए 5-5 चिकित्सा अधिकारियों एवं सहयोग अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# न्यूनतम आमदनी की गारंटी देने वाला पहला राज्य बना राजस्थान

## हर साल 15% बढ़ेगी सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पेपरलीक पर 5-10 साल नहीं, उम्रकैद की सजा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में अब भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करने वालों को उम्रकैद तक की सजा होगी। विधानसभा में बहस के बाद ये बिल पास हो गया। पहले पेपर लीक करने वालों को कम से कम 5 साल और अधिकतम 10 साल तक की सजा थी। राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम संशोधन विधेयक में पेपर लीक करने वालों को कम से कम 10 लाख से 10 करोड़ तक जुर्माना लगेगा। जुर्माना नहीं देने पर दो साल की एक्स्ट्रा सजा भुगतनी होगी।

### पायलट से सुलह के बाद सीएम ने की थी घोषणा

सचिन पायलट ने पेपर लीक के खिलाफ अजमेर से जयपुर तक पदयात्रा की थी। सरकार को अल्टीमेटम दिया था। पायलट ने RPSC का पुनर्गठन करने, पेपर लीक पर एक्शन लेने और बीजेपी राज के करप्शन पर कार्रवाई की मांग की थी। कांग्रेस हाईकमान के साथ सुलह बैठक के बाद सीएम अशोक गहलोत ने विधानसभा में पेपर लीक करने वालों को उम्रकैद की सजा का प्रावधान करने के लिए बिल लाने की घोषणा की थी।

### मिनिमम इनकम गारंटी बिल पास करने वाला राजस्थान बना पहला राज्य

**विधानसभा** में बहस के बाद राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक को भी पारित कर दिया गया। इसके तहत राजस्थान में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के 100 दिन के अलावा 25 दिन का रोजगार गारंटी से मिलेगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन हर साल 15 फीसदी बढ़ाना अनिवार्य होगा। बुजुर्ग, विधवा, विकलांग सहित सभी कैटेगरी की सामाजिक सुरक्षा पेंशन को हर साल 15 फीसदी बढ़ाया जाएगा। इस बिल के जरिए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले हर 18 साल से ऊपर के व्यक्ति को 100 दिन पूरे होने पर कम से कम 25 दिन एक्स्ट्रा रोजगार देने की गारंटी दे रही है। अगर 25 दिन का रोजगार नहीं मिलता है तो 15 दिन (पखवाड़े) के बाद न्यूनतम मजदूरी घर बैठे देनी होगी। गांव और शहरों में भी 25 दिन का रोजगार गारंटी से मिलेगा। ऐसा नहीं करने पर बेरोजगारी भत्ता देना पड़ेगा। यह भी प्रावधान है कि रोजगार देने की जगह उसके घर से 5 किलोमीटर के दायरे में ही हो।

### हर साल गारंटी से बढ़ेगी पेंशन

प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन ले रहे करीब एक करोड़ लोगों की पेंशन में अब हर साल 15 फीसदी बढ़ोतरी करना कानूनी रूप से जरूरी होगा। इस बिल में महात्मा गांधी मिनिमम गारंटी योजना एक्ट लागू करने का प्रावधान होगा। मिनिमम इनकम गारंटी योजना में बुजुर्ग, विधवा, एकल महिला को कम से कम 1000 रुपए हर महीने पेंशन देने का प्रावधान शामिल होगा। गांव और शहरों में मनरेगा के तहत 125 दिन रोजगार देने का प्रावधान होगा। सरकार ने इस योजना के लिए 2500 करोड़ रुपए एक्स्ट्रा बजट का प्रावधान किया है। कथौड़ी, सहरिया और विशेष योग्यजन को 100 दिन की जगह 200 दिन का रोजगार मिलेगा।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन की गारंटी, हर साल 15 फीसदी बढ़ोतरी

सामाजिक सुरक्षा पेंशन की गारंटी के दायरे में वृद्धावस्था, विशेष योग्यजन, विधवा, एकल महिला आते हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन गारंटी 2024-25 से हर साल के आधार पर 15 फीसदी की दर से बढ़ाई जाएगी। पेंशन साल में दो किस्तों में बढ़ेगी। हर साल 5 फीसदी पेंशन जुलाई में और 10 फीसदी पेंशन जनवरी में बढ़ेगी।

### जिम्मेदारी तय होगी

सामाजिक सुरक्षा पेंशन की गारंटी के अधिकार के लिए अफसरों की जिम्मेदारी तय होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में एसडीएम और शहरी क्षेत्रों में स्थानीय निकाय के ईओ को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी। पेंशन की गारंटी के कानून को अमल में लाने के लिए अलग से नियम भी बनेंगे। पेंशनर्स की पात्रता के मानदंड तय होंगे। इसकी मंजूरी की प्रि या, पेंशन देने और पेंशन को रोकने के प्रावधान भी किए जाएंगे। न्यूनतम गारंटी योजना के नियम बनाने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर सलाहकार बोर्ड बनाया जाएगा।



# शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में बियानी स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस (जीएनएम) और बियानी इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट (बीएससी नर्सिंग) विभाग की ओर से ओथ सेरेमनी का आयोजन किया गया । वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योति हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ अनुज माथुर , स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारूल धाकड़, डॉ संजय बियानी और प्रधानाचार्या तारावती चौधरी द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नर्सेज का किरदार सभी मरीजों और अस्पताल के लिए महत्वपूर्ण होता है। इलाज के लिए उनमें सवेदनशीलता व प्रेम की भावना होना जरूरी है। साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट डॉ अनुज माथुर ने सभी छात्राओं को नर्सिंग का महत्व के साथ पेषेन्स की नर्सिंग में महत्ता बताई। साथ ही कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की प्रिंसिपल तारावती चौधरी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चेस्टा राजपुरोहित जागरूक जनता जीनियस अवार्ड 2023 से सम्मानित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** चेस्टा राजपुरोहित को जागरूक जनता जीनियस अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। चेस्टा ने कक्षा बारह में 90.20 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। स्वामी विवेकानन्द विद्या मन्दिर सिंधु नगर, मुरलीपुरा की छात्रा चेस्टा ने बताया कि मैं इसका सारा श्रेय अपने विद्यालय के गुरुजनों को देती हूं। उनकी मेहनत और मेरी एकाग्रता से मुझे यह सफलता प्राप्त हुई। चेस्टा ने कहा कि घर पर मेरी मां संतोष राजपुरोहित मेरी पढ़ाई में पूरा सहयोग करती हैं। मेरी इच्छा कम्प्यूटर इंजीनियर बनने की है, जिसके लिए मम्मी ने नया लैपटॉप गिफ्ट किया है। चेस्टा ने 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय त्योहारों पर स्कूल परेड का नेतृत्व भी किया है। अंत में चेस्टा ने जागरूक जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस अखबार की पहल से बच्चों में अध्ययन करने की ललक पैदा होगी और वे भी ये सम्मान प्राप्त करने की कोशिश करेंगे।

# कांग्रेस विधायकों के घरों पर थाली नाद प्रदर्शन

## बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता बजाएंगी थाली, युवा मोर्चा निकालेगा मोटरसाइकिल रैली

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता कांग्रेसी विधायकों के घरों पर थाली बज़ाकर प्रदर्शन करेगी। प्रदेशभर में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता थाली व चम्मच लेकर कांग्रेसी विधायकों के घरों पर पहुंचेगी। वहीं थाली बज़ाकर महिला अत्याचार व कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन करेगी।

प्रदर्शन को लेकर महिला मोर्चा की अध्यक्ष रक्षा भंडारी ने बताया कि कांग्रेस की गहलोत सरकार में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। सड़क से लेकर स्कूल, कॉलेज, कार्यस्थल पर महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जंगलराज के खिलाफ प्रदेश स्तर पर नहीं सहेगा राजस्थान अभियान चल रहा हैं।उ जिसमें महिला मोर्चा को विधायकों के घरों पर थाली नाद प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी मिली हैं। वहीं इस प्रदर्शन के बाद हम शक्ति केन्द्र व मण्डल स्तर पर जनसम्पर्क करके आमजन को एक अगस्त को जयपुर में होने वाले प्रदर्शन में आने का आह्वान करेंगे।

### युवा मोर्चा निकालेगा मोटरसाइकिल रैली

**महिला** मोर्चा के प्रदर्शन के अगले दिन 27 जुलाई को प्रदेश की 200 विधानसभाओं में युवा मोर्चा मोटरसाइकिल रैली निकालेगा। इस रैली में विधानसभा के बीजेपी कार्यकर्ता शामिल होंगे। मोटरसाइकिल रैली को लेकर युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने कहा कि हम मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को जागरूक करने का काम करेंगे। उन्होने कहा कि यह सरकार युवाओं के सपनों पर कुठाराघात कर रही हैं। प्रदेश में हर दिन पेपरलीक हो रहे हैं। बेरोजगारी चरम पर हैं। ऐसे में प्रदेश का युवा आग् ोशित हैं। इसी को लेकर प्रदेश भाजपा नहीं सहेगा राजस्थान अभियान चला रही हैं। जिसमें प्रदेश के युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित हर वर्ग के मुद्दे को पुरज़ोर तरीके से बीजेपी उठा रही हैं।

### 30 को परिवर्तित मार्ग से चलेगी बीकानेर-मदुरई एक्सप्रेस

**कोटा @ जागरूक जनता।** रेल प्रशासन ने बीकानेर-मदुरई एक्सप्रेस का 30 जुलाई को मार्ग परिवर्तित से चलाने का निर्णय किया है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दक्षिण रेलवे में कुछ नान-इंटरलॉकिंग कार्य करवाए जाने के कारण यह निर्णय किया गया है।

MBBS Admission Open- 2023-24
Almaty,Kazakhstan




CASPIAN INTERNATIONAL SCHOOL OF MEDICINE
Kazakhstan



KAZAKH RUSSIAN MEDICAL UNIVERSITY
Kazakhstan
Contact US
Khevanshi
MBBS Council
Office : 311, 3rd Floor, Center Tower, Central Spine , Vidhyadhar Nagar, Jaipur(Raj.)
Website : www.khevanshimbbs.com e-Mail : enquiry@khevanshimbbs.com
Call +91 805-888-1-888

ANCHOR महापर्व

# रक्षाबंधन 30-31 अगस्त को, शुभ मुहूर्त 3 घंटे 26 मिनट का

## दिन में राखी बांधने का नहीं रहेगा मुहूर्तभद्रा सुबह 10.59 बजे से शुरू होकर रात 9.02 बजे तक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर. घनिष्ठा नक्षत्र, राजयोग सहित अन्य योग संयोगों में भाई- बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व एक के बजाय दो दिन 30-31 अगस्त को मनाया जाएगा।

ज्योतिषविदों के मुताबिक रक्षाबंधन का पर्व श्रावण शुक्ल पूर्णिमा भद्रा रहित अपराह्न काल में मनाया जाता है। शास्त्रानुसार पर्व पर भद्रा विशेष रूप से वर्जित बताई गई है। इस बार श्रावण शुक्ल पूर्णिमा 30 अगस्त बुधवार को सुबह 10.59 से शुरू होगी, यह अगले दिन 31 अगस्त सुबह 7.06 बजे तक रहेगी। पूर्णिमा की शुरुआत के साथ भद्रा सुबह 10.59 बजे से शुरू होकर रात 9.02 बजे तक विद्यमान रहेगी। दिन में राखी बांधने का कोई भी मुहूर्त नहीं रहेगा। भद्राकाल में राखी नहीं बांधी जाती।



### देवालयों में पर्व 31 को

पं. सत्यनारायण शास्त्री ने बताया कि 31 अगस्त को सूर्योदय के बाद सिर्फ 57 मिनट ही पूर्णिमा रहेगी। जो त्रि-मुहूर्त से अल्प रहने से पर्व के हिसाब से शास्त्रसम्मत नहीं है। महज औपचारिकता के हिसाब से देवालयों में भगवान को भक्त 31 को राखी बांधेंगे। जयपुर में इस्कॉन मंदिर, अक्षयपात्र मंदिर के साथ ही राजस्थान के सभी बड़े मंदिर नाथद्वारा, वृंदावन सहित अन्य मंदिरों में 31 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। गोविंददेव जी मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी ने बताया कि अभी पर्व पर विचार चल रहा है। तय नहीं हुआ है। ज्योतिषाचार्य शास्त्री ने बताया कि राखी बांधने के लिए भद्रा की स्थिति में दो नियम प्राप्त होते हैं। इस बार दूसरा नियम यानि 31 अगस्त को पूर्णिमा सूर्योदय के बाद 2 घंटे 24 मिनट उपलब्ध नहीं होने से एक दिन पहले ही भद्रा के बाद रात 9.02 बजे से निषिध काल रात 12.28 बजे तक राखी बांधी जा सकती है। केंद्र-राज्य सरकार के कैलेंडर में पर्व का अवकाश 30 अगस्त को ही रहेगा।

### रात 12.28 बजे तक मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि द्वितीय श्रावणशुक्ल चतुर्दशी युक्त पूर्णिमा शुरू होने के साथ ही पूर्णिमा भी भद्रा प्रातः 10:59 से रात्रि 09:02 तक रहेगी। रात्रि 09:02 के पश्चात मध्यरात्रि 12:28 तक राखी बांधी जा सकती है। शूर्पणखा ने अपने भाई रावण को भद्रा काल में राखी बांध दी थी, जिस वजह से रावण के पूरे कुल का सर्वनाश हो गया।

# परामर्शदाताओं का मानदेय बढ़ाकर 17 हजार रूपये प्रतिमाह किया गया

**महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र नियमन एवं अनुदान योजना (संशोधित) 2017 के अंतर्गत गठित राज्य स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव जीतेन्द्र उपाध्याय की अध्यक्षता में तथा आयुक्त महिला अधिकारिता रेणु जयपाल की उपस्थिति में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र नियमन एवं अनुदान योजना( संशोधित) 2017 के अंतर्गत गठित राज्य स्टीयरिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित की गई। राज्य स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र नियमन एवं अनुदान योजना( संशोधित) 2017 का सामान्य परिचय एवं उद्देश्य बताया गया।

गत बैठक में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति पर चर्चा की गई।महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पर दिव्यांगों हेतु आवश्यक सुविधाएं यथा रेम्प, टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्रों की मरम्मत के साथ मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्रों के विस्तार एवं उनके मानदेय में वृद्धि के संबंध में चर्चा की गई।

बजट घोषणा संख्या 325 वर्ष 2023-24 द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र (एमएसएसके) की वार्षिक राशि 3.15 लाख से बढाकर 5.00 लाख प्रति वर्ष कर दी गई है। परामर्शदाताओं का मानदेय भी बढ़ाकर 17 हजार रूपये प्रतिमाह कर दिया गया है। एमएसएसके की श्रेणी भी एक ही कर दी गई है। बैठक में बताया गया कि महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्रों की परामर्शदाताओं हेतु हरीशचंद्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान के क्षेत्रीय सेंटर कोटा में पांच दिवसीय आवासीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 मई से 02 जून तक आयोजित किए गये थे।

**बजट घोषणाओं के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक**

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में नहीं हो कोई समझौता, अगस्त माह में ऑन ग्राउंड दिखे सभी कार्य-गालरिया

**कुल 5 हजार 427 कार्यों की 5 हजार 272 निविदाएं जारी कर 3 हजार 699 कार्यादेश जारी**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने बजट घोषणाओं के कार्यों की प्रगति पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि अधिकतर कार्य समय पर है एवं उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किन्ही कारणों से जो कार्य समयानुसार नही हैं उन्हें आपसी समन्वय से शीघ्र पूरा करें।

गालरिया मंगलवार को विभाग मुख्यालय पर बजट घोषणाओं 2023-24 की प्रगति के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा लगातार विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्यों के वर्क ऑर्डर जल्द जारी हों एवं जिन कार्यों के वर्क ऑर्डर हो गए हैं यह सभी कार्य गांव-गांव तक ऑन ग्राउंड दिखें।

बैठक में बजट घोषणाओं 2023-24 के 10 करोड़ प्रति विधानसभा, सभी जिलों की 5 मुख्य सड़कें, अन्य घोषित कार्य, राजस्व गावों को डामर सड़क से जोड़ना आदि सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया कि राजस्व गांवों को जोड़ने के 1777 कार्यों के 1374 कार्यादेश जारी किए जा चुके है, जिलों की 5 मुख्य सड़कों के 165 कार्यों की 119 कार्यों के कार्यादेश जारी, बजट घोषणा में घोषित अन्य कार्यों के तहत 312 कार्यों में से 166 कार्यों के कार्यादेश जारी एवं 10 करोड़ प्रति विधानसभा के 3187 कार्यों के 2040 कार्यादेश जारी किए जा चुके है। इस प्रकार उपरोक्त सभी कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किये जाएंगे। प्रमुख शासन सचिव ने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में डामर के कार्य नहीं किए जाएं तथा वर्षा ऋतु में सब ग्रेड, जीएसबी, डब्ल्यू एमएम , सीमेंट कंक्रीट के कार्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी फील्ड पर जाकर सभी कार्यों की गुणवत्ता जांच करें एवं जिन कार्यों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न हो वहां नियमानुसार कार्यवाही करें। बैठक में सानिवि के शासन सचिव चिन्नहरी मीणा, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव संजीव माथुर, सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे और अधिशाषी स्तर तक के अभियंता वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## 182 पुलिसकर्मी होंगे बहाल

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भ्रष्टाचार व आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण सस्पेंड चल रहे 182 पुलिसकर्मी जल्द ही बहाल किए जाएंगे। इनमें से अधिकतर पुलिसकर्मी तीन साल से सस्पेंड चल रहे हैं। एडीजी विजिलेंस बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि राज्य की रिव्यू कमेटी की अनुशंसा पर इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों की बहाली के आदेश पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी किए गए हैं। इसके अलावा कांस्टेबल से सब इंस्पेक्टर रैंक तक के पुलिसकर्मियों को बहाल करने के लिए जिला एसपी को आदेश दे दिए गए हैं।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पप्पूराम कुमावत पुत्र लक्ष्मण कुमावत जाति कुमावत निवासी ढाणी बाढ़वाली वार्ड नं. 17, रींगस जिला सीकर (राज.) अरसा 10 वर्ष पूर्व बिना बताए ही घर छोड़कर चले गये थे, जो दिनांक तक वापिस लौटकर नहीं आए, अगर किसी को जानकारी मिले तो मो. नं. 6375282128 पर सूचित करें।

### INFORMATION

I am Bhanu Pratap Singh Sisodia S/o Shri Vishnu Singh Sisodia Add. 41, Yagdutt Nagar-I, Niwaru Road, Jhotwara, Jaipur (Rajasthan) born on 9 August 2014. By mistake my date of birth was mentioned as 9th August 2015 which is wrong. In future my date of birth should be considered as 9th August, 2014 only. My place of birth is district-Jaipur, my date of birth is 9th August, 2014 only.

**Bhanu Pratap Singh Sisodia**

# प्रदेश में खुलेंगे 3 नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालय

**भवन निर्माण के लिए 13.50 करोड़ स्वीकृत - संचालन के लिए 63 नवीन पद होंगे सृजित**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उदयपुर जिले के सलूंबर, जयपुर जिले के सांभर एवं चितौड़गढ़ जिले के कपासन में नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालय खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इनके भवन निर्माण के लिए 13.50 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है। साथ ही, संचालन के लिए 63 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति भी दी है। प्रत्येक महाविद्यालय में विभिन्न 21 नवीन पद सृजित किए जाएंगे। इन नवसृजित पदों में प्राचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षक, सहायक लेखाधिकारी-प्रथम, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, सूचना सहायक, वरिष्ठ सहायक, प्रयोगशाला सहायक, प्रयोगशाला वाहक, बुक लिफ्टर के एक-एक पद, सहायक आचार्य के 7 पद तथा कनिष्ठ सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के दो-दो पद शामिल हैं। गहलोत की इस मंजूरी से क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।

## सीएम अनुप्रति कोचिंग योजना में ऑनलाइन आवेदन 31 तक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इस साल राज्य सरकार 30 हजार छात्र-छात्राओं को निशुल्क कोचिंग कराएगी। इसके लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इसके बाद प्रदेश स्तर पर मेरिट बेस पर निशुल्क कोचिंग के लिए आवेदनकर्ता का चयन होगा। उसके बाद उसे कोचिंग की फीस सरकार देगी। साथ ही, 40 से 50 हजार रुपए अलग से रहने, खाने आदि का खर्चा दिया जाएगा।

**'वित्तीय वर्ष 2023-24 के ऋण आवेदन हेतु अनुजा निगम का ऑनलाइन पोर्टल प्रारम्भ' 'सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया शुभारम्भ'**

# अब ऋण स्वीकृति हेतु सरकारी कार्मिकों की गारंटी की नहीं होगी आवश्यकता




**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने मंगलवार को यहाँ नेहरू सहकार भवन स्थित सभागार में राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड (अनुजा निगम) के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ऋण आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने हेतु पोर्टल का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ऋण के लिए अब सरकारी कार्मिकों की गारंटी की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने इस सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल पर जरूरतमंद व्यक्तियों को 50 हजार रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक का ऋण स्वीकृत किया जाता है। निगम द्वारा 12 हजार से अधिक व्यक्तियों को लगभग 200 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी, विशेष योग्यजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति ऋण हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। पोर्टल पर अब सारा डाटा जनाधार से फेच किया जाता है। जूली ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने से पारदर्शिता आएगी। आज सूचना तकनीक के युग में वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को पेंशन, छात्रवृति आदि सुविधाएं सीधे उनके खाते में मिल रही है। राज्य सरकार लगभग 94 लाख पेंशनर्स को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दे रही है और ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से महज 2 मिनट में पेंशन स्वीकृत हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा प्रत्येक वर्ग के विकास एवं उत्थान हेतु विभिन्न कोषों का भी गठन किया गया है। विभाग द्वारा लगभग सवा करोड़ से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

इस अवसर पर राजस्थान राज्य अन्य पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष पवन गोदारा ने कहा कि अनुजा निगम एक चौनेलाइजिंग एजेंसी है जिसका प्रमुख कार्य राजस्थान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, निःशक्तजन एवं सफाई कर्मचारी, अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों का आर्थिक विकास एवं उनकी उन्नति में सहायता करना है ताकि इन वर्गो के सदस्यों का जीविकोपार्जन सही ढंग से हो सके तथा उनके रहन-सहन के स्तर में सुधार हो सके। राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष, शंकर यादव ने कहा कि योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा अभिनव प्रयास किये गये है।

इस अवसर पर राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के उपाध्यक्ष, अवधेश दिवाकर बैरवां, सदस्य ओम प्रकाश जैदिया और सांगी लाल वर्मा, राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित व विकास आयोग के उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गुर्जर, सदस्य हरिशंकर जांगिड़ सहित महाप्रबंधक, राजेश वर्मा, प्रबंध निदेशक, अनुजा निगम, शीशराम चावला, महाप्रबंधक अनुजा निगम तथा निगम के अन्य उच्च अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

ANCHOR | प्रयास

# ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में मॉडल स्टेट बनता राजस्थान

**ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस की राह में करेंगे हर संभव प्रयास- अग्रवाल**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्य में उद्योगों की स्थापना में प्रक्रिया को आसान करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है. जिसके तहत राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से क्षेत्रीय अधिकारीयों के अधिकार क्षेत्र में विस्तार करते हुए ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस की राह में विशेष पहल की गयी है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारियों के अधिकार क्षेत्रों को विस्तृत करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है, ताकि राज्य में उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाकर उद्योग स्थापना को सुविधाजनक बनाया जा सके. उन्होंने कहा कि राज्य में उद्यमियों को प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में नियमानुसार कार्य करने के लिए एवं मौजूदा भौगोलिक एवं पारिस्थितिकी परिस्थितियों में सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में प्रेरित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे उल्लेखनीय है कि उक्त सम्बन्ध में आदेश जारी कर विस्तृत प्रभावी गाइडलाइंस जारी कर लागू कर दी गयी है।

### 5 हेक्टेयर की खदानों के लिए अब क्षेत्रीय अधिकारी जारी कर सकेंगे अनापत्ति प्रमाण पत्र

उक्त सम्बन्ध में अधिक जानकारी देते हुए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन. विजय ने बताया कि वाटर (प्रिवेंशन एंड कण्ट्रोल ऑफ़ पॉल्यूशन) एक्ट,1974 एवं एयर (प्रिवेंशन एंड कण्ट्रोल ऑफ़ पॉल्यूशन) एक्ट,1981 के प्रावधानों तहत 5 हेक्टेयर की खदानों के लिए खनन पट्टे में सहमति देने, अस्वीकार करने और रद्द करने के अधिकार अब क्षेत्रीय अधिकारों को दे दिए गए है. वहीं 5 हेक्टेयर से अधिक खनन पट्टे में सहमति देने, अस्वीकार करने और रद्द करने के अधिकार मुख्य कार्यालय का ही रहेगा।

### स्माल स्केल सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग एवं क्लिंकर ग्राइंडिंग यूनिट्स के लिए क्षेत्रीय अधिकारी जारी कर सकेंगे अनापत्ति प्रमाण पत्र

सदस्य सचिव ने अधिक जानकारी साझा करते हुए बताया कि वाटर (प्रिवेंशन एंड कण्ट्रोल ऑफ़ पॉल्यूशन) एक्ट,1974 एवं एयर (प्रिवेंशन एंड कण्ट्रोल ऑफ़ पॉल्यूशन) एक्ट,1981एवं खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमा संचलन) नियम, 2016 के प्रावधानों के तहत स्माल स्केल सीमेंट मेनुफेक्चरिंग एवं क्लिंकर ग्राइंडिंग यूनिट्स स्थापित/संचालित करने के लिए सहमति देने और अस्वीकार करने का अधिकार क्षेत्रीय अधिकारियों को होगा एवं उक्त सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिए गए है.

### मौजूदा स्माल स्केल टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज में अब प्रदूषण नियंत्रण हेतु मल्टी इफ़ेक्ट इवेपोरेटर के स्थान पर सोलर इवेपोरेशन पोंड को दी गयी अनुमति

एन विजय ने बताया कि स्माल स्केलटेक्सटाइल इंडस्ट्रीज को प्रदूषण नियंत्रण हेतु मल्टी इफ़ेक्ट इवेपोरेटर की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है. अब स्माल स्केल इंडस्ट्रीज में रिवर्स ओसमोसिस (आर ओ) के साथ रिजेक्ट निस्तारण हेतु सोलर इवेपोरेशन पोंड स्थापित किये जा सकेंगे।






## सम्पादकीय

# त्वरित न्याय के लिए

भारतीय अदालतों में लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ स ेऊपर जाने लगी है, तो यह चिंताजनक है। राज्यसभा में एक लिखित जवाब मेंकेंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया हैकि भारतीय अदालतों मेंलंबित मुकदमों की संख्या 5.02 करोड़ सेज्यादा हो गई है। लंबित मामले हमारे लिए निरंतर चिंता का विषय बने हुए हैं। अकेले सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या 69,766 हो गई है। एक अनुमान के अनुसार, भारत मेंदस मेंसेनौ मामले अदालतों मेंलंबित रहते हैं। केवल दस प्रतिशत मामलों म ेंही त्वरित कार्यवाही चल पाती है। आखिर इतने मामले क्यों लंबित हैं? इसका एक पहलू यह भी है कि लोग पहलेकी तुलना में अपने अधिकारों को लेकर ज्यादा सजग हुए हैं, इसलिए अदालत पहुंचकर अपना अधिकार लेनेकी चेष्टा कर रहेहैं। वैसे बढ़ती जागरूकता जहां अच्छी बात है, वहीं मामलों का लंबित रहना बड़ी चिंता की बात है। ध्यान रहे, लोग न्याय की प्रत्याशा मेंही अदालत का रुख करतेहैं। ऐसे में, अगर उन्हें जल्दी न्याय नहीं मिलेगा, तो वे दूसरे रास्ते अपनाएंगे, जो देश में कानून-व्यवस्था की सेहत के लिए ठीक बात नहीं होगी। लंबित मामलों पर चिंता पहले भी कई बार उठी है। पिछले वर्ष जुलाई में भारत के प्रधान न्यायाधीश एन वी रमन्ना नेदेश में ज्यादा लंबित मामलों पर तत्कालीन कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं का जवाब देते हुए कहा था कि न्यायिक रिक्तियों को न भरना इसका प्रमुख कारण है। तब भी यह चिंता जताई गई थी कि लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ को पार करने वाली है, पर अब जब वाकई पार कर गई है, तो सभी संबंधित पक्षों को सजग हो जाना चाहिए।

लंबित मामलों को जल्द सेजल्द न्याय तक पहुंचाने के लिए सरकार और न्यायपालिका के बीच अच्छा समन्वय होना चाहिए। पिछले साल ही देश के प्रधान न्यायाधीश ने केंद्रीय मंत्री को कह दिया था कि न्यायिक रिक्तियों को भरना और न्यायिक बुनियादी ढांचे में सुधार करना जरूरी है। क्या विगत एक वर्ष में इस दिशा में गंभीरता से काम हुआ है? दिसंबर 2022 तक देश के 25 उच्च न्यायालयों मेंजजों की संख्या होनी चाहिए थी 1,108, पर जज थे 778 कुल। निचली अदालतों की बात करें, तो जजों के पद थे 24,631 और जज थे 19,288 मात्र। इतनेपद खाली कैसे हैं? आज जरूरत समग्रता में सोचने की है। मुकदमों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जैसे, बताया जा रहा है, मणिपुर मेंही 3 मई के बाद हुए दंगों के चलते 6,000 से अधिक एफआईआर दर्ज हुए हैं, इनमें से ज्यादातर मामले अदालतों में जाएंगे और दोषियों को सजा मिलने में न जाने कितना समय लगेगा? यदि मणिपुर में तत्काल प्रभाव से कानून का राज कायम करना है, तो अदालतों को भी त्वरित न्याय करना होगा। अपराधी लंबित मामलों में अपने बचाव की गुंजाइश देखते हैं, जबकि पीड़ित को सालों बाद जब न्याय मिलता है, तो न्याय अपना महत्व लगभग खोकर समाज में अन्याय को बढ़ावा देता है। त्वरित न्याय पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी है। न्याय और वह भी त्वरित न्याय का माहौल बनाने की कोशिश में हम चीन जैसी तानाशाही व्यवस्था का अनुसरण नहीं कर सकते, पर अपनी लोकतांत्रिक सीमाओं में रहते हुए न्यायिक प्रक्रिया को तेज करन ेके हर संभव उपाय तो कर ही सकते हैं। भारत जैसी विशाल आबादी वाले देश-समाज में अमन-चैन के लिए यही होना चाहिए।

**अभी तो बहस इस बात पर छिड़ी है कि क्या राजनेता, फिल्मों का इस्तेमाल प्रोपेगैंडा के लिए करते हैं या यह कि कई फिल्मकार जान-बूझकर प्रोपगैंडा वाली फिल्में बनाते हैं। ऐसा लगता है कि आज के राजनीतिक हालात में सिनेमा को प्रोपेगैंडा का हथियार बना लिया गया है।**

# सिनेमा बना राजनीति की ढाल



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net



**राजनीतिक मामलों के जानकार लोग कहते हैं कि हाल के दौर में जो हालात बने हैं, उनमें इस्लाम-विरोधी प्रचार कुछ फिल्मों का मुख्य नैरेटिव बन गया है, जिसका राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश सत्ताधारी पार्टी कर रही है।**

क्या आज की तारीख में सिनेमा समाज में प्रोपेगैंडा का एक हथियार बन गया है? हाल ही में आई फिल्म 'अजमेर 92' के रिलीज होने के बाद ये बहस दोबारा छिड़ गई है। इससे पहले 'द केरला स्टोरी' और 'कश्मीर फाइल्स' के रिलीज के दौरान भी यही बहस सामने आई थी। हाल ही ओम राउत निर्देशित फिल्म 'आदिपुरुष' रिलीज होते ही विवादों में घिर गई थी। फिल्म के दृश्यों और संवादों को लेकर तेज विरोध हुआ और फिर इन्हें बदलना ही पड़ा। कई राजनीतिक दलों ने फिल्म के विवादित दृश्यों और संवादों को हटाने की मांग की, जबकि कुछ लोगों ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर डाली। इन लोगों का कहना था कि 'आदिपुरुष' एक ऐसी फिल्म है, जो भारतीय जनता पार्टी का दोहरा चरित्र दिखाती है, जो एक तरफ भगवान श्रीराम में अपनी आस्था बताती है और दूसरी तरफ भगवान का मजाक उड़ाती है। कुल मिलाकर इस फिल्म को भारत की सनातन आस्था पर प्रहार करने वाली फिल्म माना गया।

फिल्म 'द केरला स्टोरी' के ट्रेलर को लेकर ही विवाद हो गया था, जब इसमें यह दिखाया गया था कि 'केरल की 32 हजार महिलाएँ जिहाद में शामिल हो गई हैं।' जब अदालत ने फ़िल्म के निर्माता से पूछा कि 32 हजार का आँकड़ा कहाँ से आया, तो वो जिसे अब तक 'तथ्य' बता रहे थे, उसका ज़िक्र ट्रेलर से हटाने को राजी हो गए। इस तरह कोई भी यह समझ सकता है कि फिल्ममेकर्स का मकसद आम आदमी को उकसाकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाना है। यह साफ हो गया कि 'द केरला स्टोरी' में दिए गए तथ्य आधे-अधूरे हैं और विषय-वस्तु को जान-बूझकर भगवा रंग देने की कोशिश की गई।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान 'द केरला स्टोरी' को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान खूब वायरल हुआ। उन्होंने कहा, ''कहते हैं कि केरला स्टोरी सिर्फ एक राज्य में हुई आतंकवादियों की छद्म नीति पर आधारित है। देश का एक राज्य जहाँ के लोग इतने परिश्रमी और प्रतिभाशाली होते हैं, उस केरल में चल रही आतंकी साजिश का खुलासा इस 'द केरला स्टोरी' फिल्म में किया गया है।''

वैसे सिनेमा और राजनीति का उलझा हुआ नाता रहा है। जहाँ कुछ फिल्मों को राजनीतिक प्रोपेगैंडा का हथियार बनाने का आरोप लगा, तो कुछ फिल्मों ने सत्ता को चुनौती दी। जब फिल्म 'किस्सा कुर्सी का' आई तो संजय गांधी पर आरोप था कि इमरजेंसी के दौरान 1975 में बनी फिल्म के प्रिंट उनके कहने पर जला दिए गए थे। इमरजेंसी के बाद बने शाह कमीशन ने संजय गांधी को इस मामले में दोषी पाया था और कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया, हालांकि बाद में फैसला पलट दिया गया। फिल्म में संजय गांधी और उनके कई करीबियों का मजाक बनाया गया था. शबाना आजमी गूँगी जनता का प्रतीक थीं, उत्पल दत्त एक बाबा के रोल में थे और मनोहर सिंह एक राजनेता के रोल में थे जो एक जादुई दवा पीने के बाद अजब-गजब फैसले लेने लगते हैं।

राजनीतिक मामलों के जानकार लोग कहते हैं कि हाल के दौर में जो हालात बने हैं, उनमें इस्लाम-विरोधी प्रचार कुछ फिल्मों का मुख्य नैरेटिव बन गया है, जिसका राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश सत्ताधारी पार्टी कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के शासन वाले राज्यों में फिल्म 'द केरला स्टोरी' को टैक्स फ्री किया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस फिल्म को देखें। कुछ जगहों पर फिल्म की स्क्रीनिंग राजनेताओं के लिए भी की गई। राजस्थान जैसे राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने बड़े सिनेमाघरों में अपने लोगों के लिए इस फिल्म की निशुल्क स्क्रीनिंग की व्यवस्था की। जबकि पश्चिम बंगाल ने फिल्म पर बैन लगा दिया और फिर यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा।

इस्लामिक आतंकवाद और इससे मिलते-जुलते मुद्दों पर पहले भी फ़िल्में बनी हैं, जैसे 'मिशन कश्मीर', जिसमें भारत, पाकिस्तान सबकी आलोचना है। ये वो फिल्में थीं जो सत्ता के खिलाफ आवाज उठाती थीं लेकिन वो फिल्में इस्लामोफोबिक फिल्में नहीं हैं। इन फिल्मों में दिखाया जाता था कि जो कुछ भी हो रहा है वो सही नहीं है, न हिंदुओं के साथ, न मुसलमानों के साथ। लेकिन आज के राजनीतिक हालात में सिनेमा को प्रोपेगैंडा का हथियार बना लिया गया है। इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश हो रही है, चाहे किताबें हों या फिल्में।

पहले की फिल्में किसी समुदाय के खिलाफ नहीं होती थीं, वो विकास से जुड़ी हुई या समुदायों को जोड़ने वाली फिल्में थीं। दिलीप कुमार की 'नया दौर' ऐसी ही फिल्म थी जिसमें विकास की बात थी। फिल्म दिखाती है कि लोगों में देश को लेकर एक तरह का गौरव का भाव था, जब वो गाते हैं, 'ये देश है वीर जवानों का'। इसमें जैसे तांगे और मोटर गाड़ी का टकराव है, वो नेहरू के दौर में आधुनिकीकरण और गांधी की सोच को दर्शाता है। आज के दौर की बात करें तो 2022 में जब विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' रिलीज़ हुई जिसने समाज को दो फाड़ कर दिया। 'कश्मीर फाइल्स' एक यूनिवर्सिटी छात्र की काल्पनिक कहानी है, जिसे पता चलता है कि उसके कश्मीरी हिंदू माता-पिता की हत्या इस्लामिक चरमपंथियों ने की थी।

दरअसल राजनीति और सिनेमा का हमेशा से ही गहरा संबंध रहा है। राजनीति की आड़ में भ्रष्टाचार, सत्ता के लोभ और प्रतिशोध की कहानियां हमेशा से ही सिनेमा का हिस्सा रही हैं, लेकिन बदलते दौर के साथ सिनेमा और राजनीति का आपसी सामंजस्य ठीक नहीं बैठ पा रहा है। ऐसे में अब बॉलीवुड की कुछ फिल्में सियासत के झमेले में भी पड़ती नजर आती है, जिस कारण कुछ फिल्मों को सियासत की मार झेलनी पड़ती है।

# स्वास्थ्य के हर पहलू पर है पुनर्विचार की आवश्यकता



डॉ. रामावतार शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

भारत की आर्थिक प्रगति हुई है तथा संभावना है कि अभी आने वाले समय में यह प्रगति और भी गति पकड़ेगी। परंतु इस विकास की वजह से होने वाली महंगाई के कारण देश की आबादी का बड़ा हिस्सा सामान्य चिकित्सा की उपलब्धता से वंचित होता जा रहा है क्योंकि आर्थिक प्रगति महंगाई बढ़ाती है जिसके फलस्वरूप शिक्षा एवम् स्वास्थ्य के क्षैत्र की महंगाई कोई सात से दस गुना बढ़ जाती है। चूंकि विकास का नब्बे प्रतिशत हिस्सा देश के पांच सात प्रतिशत लोगों में ही सिमटता जा रहा है तो आम नागरिक के लिए बीमारी एक आर्थिक तबाही बनती जायेगी। यहां तक कि जो लोग आज स्वास्थ्य इंश्योरेंस ले कर चिंतामुक्त होने का सपना देख रहे हैं, आनेवाले समय में उनकी आय का तीस से चालीस प्रतिशत तक हिस्सा इंश्योरेंस कंपनियां ले जाएंगी। स्वास्थ्य संबंधी मुद्रास्फीति में हर कोई अभिमन्यु की तरह फंसता जायेगा।

भारत में चिकित्सा का मूलभूत ढांचा खराब है विशेषकर दूर दराज गांवों में और शहरों की कच्छी बस्तियों और बाहरी क्षैत्रों में चिकित्सा सेवाओं का पूर्ण अभाव है। देश की बढ़ती आबादी के हिसाब से सरकार द्वारा नाम मात्र के अस्पताल बनाए गए हैं। उदाहरण देखें तो जयपुर के सबसे गहन आबादी वाले इलाके वैशाली नगर में कोई सरकारी अस्पताल नहीं है और ना ही इसके लिए कोई भूमि छोड़ी गई है। केंद्र और राज्य सरकारों का स्वास्थ्य बजट दो प्रतिशत से भी कम है और भविष्य में इसके और भी कम होने की आशंका है।

इन हालातों में भारत को परंपरागत चिकित्सा प्रणाली का विकास करना चाहिए। केंद्र सरकार ने इसके लिए आयुष मंत्रालय तो बना लिया पर जमीनी स्तर पर कोई भी काम या परिवर्तन नजर नहीं आता। हजारों साल पुराने मानदंडों पर आयुर्वेद के चिकित्सक दवाएं दे रहे हैं जबकि अब न तो वैसे लोग रहे हैं, ना वैसे जंगल। जीवनशैली शत प्रतिशत बदल गई पर उपचार की विधि में मामूली परिवर्तन आए हैं। आयुर्वेद विश्व का पहला प्रमाणिक और प्रकाशित चिकित्सा साहित्य है। यह जीवनशैली को नियंत्रित कर पूर्ण स्वास्थ्य की तरफ ले जाने का बेहतरीन प्रयास हुआ करता था परंतु क्या आज भी ऐसा हो रहा है? आज आयुर्वेदिक औषधियां खेती किए पेड़ पौधों से प्राप्त की जा रही हैं। ज्यादातर स्थानों पर मोनो कल्चर पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं और केमिकल्स और फर्टिलाइजर्स का प्रचूर उपयोग हो रहा है। इस तरह के प्रयास आयुर्वेद की आत्मा को नष्ट कर रहे है जैसा कि एलोपैथी को कॉरपोरेट अस्पतालों ने हॉस्पिटल से होटल में परिवर्तित कर दिया है। भारत की समस्याएं गंभीर हैं। हर तरफ कुछ न कुछ सुलग रहा है जो कभी भी विस्फोट का रूप ले सकता है। हमें चिकित्सा को उन लोगों तक पहुंचाना चाहिए जो आर्थिक रूप से सबल नहीं है क्योंकि स्वास्थ्य को प्राप्त करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। सरकार में बैठे लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि देश का हर नागरिक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में एक करदाता है और सरकार खुद के प्रचार के अनुसार हर करदाता एक राष्ट्र निर्माता है।

*- ये लेखक के अपने विचार है*

# अंतरिक्ष से सुखद संकेत



सी.पी. शर्मा
शिक्षाविद्
@jagrukjanta.net

हमारा ब्रह्मांड रहस्यों का खजाना है। अब वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक ऐसी रहस्यमय वस्तु का पता लगाया है, जो पिछले तीन दशक सेभी अधिक समय सेहर 22 मिनट पर पृथ्वी पर रेडियो तरंगें भेज रही है। उस वस्तुया तारे या उपग्रह से ऊर्जा के ये विस्फोट या रेडियो तरंगें पांच मिनट तक चलती हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने इस वस्तु का नाम जीपीएम जे1839-10 रखा है। यह वस्तुपृथ्वी से करीब 15,000 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। यह वस्तु चुंबकीय शक्ति वाली हो सकती है। अगर यह कोई तारा है, तो बहुत दुर्लभ किस्म का है, जिसका शायद पृथ्वी सेजुड़ाव है। वैसे उस वस्तु या तारे की ओर से आ रहे संकेत अन्य ग्रहों और उपग्रहों पर भी दिख रहे होंगे। इसलिए सुनिश्चित तौर पर यह कहना थोड़ा मुश्किल है कि वह तारा पृथ्वी को ही संकेत भेज रहा है। यह माना जा रहा हैकि साल 1988 सेही वहां सेसंकेत मिल रहे हैं। हालांकि, विशाल ब्रह्मांड में अब जाकर वैज्ञानिकों ने इस संकेत पर गौर किया है। यदि इस संकेत पर गौर करने में ही तीन दशक लग गए हैं, तो पूरे सच के उद्घाटन के लिए हमें ज्यादा इंतजार करना पड़ सकता है।

चूंकि ऐसा कोई तारा अभी तक नहीं दिखा है, इसलिए भी इसकी पड़ताल में परेशानी आ रही है। तारों, उपग्रहों या अंतरिक्ष में मौजूद अन्य वस्तुओं के अध्ययन के जो मॉडल हैं, उन सबसे अलग मॉडल इस तारेका लग रहा है। जब वैज्ञानिकों नेगौर किया है, तो इस तारे द्वारा भेजे जा रहे संकेत की चमक अलग प्रकार की है। इस चमक को खुली आंखों से कदापि नहीं देखा जा सकता, वैज्ञानिक इसे उपकरणों के इस्तेमाल से ही देख पा रहे हैं। वैज्ञानिकों नेअभी तक जो अध्ययन किया है, उसके अनुसार, उस तारे से हो रहा उत्सर्जन कुछ-कुछ पल्सर से निकलने वाले विस्फोटों या तेज रेडियो विस्फोटों जैसा लगता है, जो कई सेकंड तक बना रहता है। ध्यान रहे, पल्सर ऐसे तारे होते हैं, जो तेजी से चक्कर काटते हैं और विस्फोट करते हैं। अगर यह वस्तुभी पल्सर है, तो उसका चुंबकीय क्षेत्र काफी सशक्त है, इसके रेडियो विस्फोट भी तेज हैं। अतः यह वैज्ञानिकों के लिए कौतूहल का विषय बन गया है।

वैज्ञानिक हर संभावना को खंगालने में जुटे हैं। यह अच्छी बात हैकि अंतरिक्ष का अध्ययन पिछले पांच दशकों में बहुत अच्छा हो गया है, इसलिए रेडियो सिग्नलों का भी डाटा दर्जहै। शोधकर्ताओं नेरेडियो अभिलेखागार मेंजांच के बाद ही यह पाया हैकि यह वस्तु 35 वर्षसेसंकेतों को दोहरा रही है। ऑस्ट्रेलिया में 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोनॉमी रिसर्च' सेजुड़ी खगोल वैज्ञानिक और इस शोध पत्र की सह-लेखिका नताशा हर्ले-वाकर इसेकुछ धीमा तत्व मान रही हैं। क्या यह कोई मैग्नेटर है? यह पता लगाया जा रहा है। मैग्नेटर अत्यधिक चुंबकीय, युवा न्यूट्रॉन तार ेहोते हैं, जो आमतौर पर हर एक या दो सेकंड मेंएक बार घूमते हैं और चमक का उत्सर्जन करतेहैं। ऐसेऔर भी कुछ तारेया वस्तुएं हैं, जो चौंकाती हैं, लेकिन उनके बारे में कुछ खास रोचक पता नहीं चलता है।

अंतरिक्ष चूंकि शुरू सेही इंसानों के लिए रहस्य का विषय रहा है और एलियन या दूसरेग्रहों पर जीवन की संभावना या कल्पना भी हमेशा रही है, इसलिए भी पृथ्वी की ओर आ रहेनए संकेत काफी महत्व के हो गए हैं। विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों को ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर जांच करनी चाहिए। लोग पूरे तथ्यों का इंतजार करेंगे।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



विषयासक्त मन भीगी दियासलाई है। संसार में पड़कर मन मलिन हो गया है, उसमें जंग सा लग गया है। जंग के हटने से ही ईश्वर रूपी चुम्बक की तरफ खिंचाव होता है। ईश्वर के लिए व्याकुल होकर रोने से मन का मैल धुलता है। सूत के कुछ रेशे भी यदि निकले हुए हों, तो वह सूई के भीतर नहीं जा सकता। जिसके मन में अनुराग के ऐश्वर्य प्रकट होते हैं, उसे ईश्वर मिलते हैं। विवेक, वैराग्य, जीवों पर दया, साधु संग और साधु सेवा, ईश्वर का भजन कीर्तन, सत्य वचन आदि ईश्वर प्रेम के ऐश्वर्य हैं। ईश्वर भक्ति से मिलते हैं मात्र ऐसा कहने से कुछ नहीं होगा। उन्हें पाने के लिए साधन करना पड़ेगा। एक आदमी जोर-जोर से गा रहा था-ध्रुव, प्रहलाद उतर गये पारा, ध्रुव प्रहलाद उतर गए पारा। उधर से एक साधु जा रहा था, उसने कहा - बेटा उन्होंने भक्ति की थी तब पार उतरे थे। खाली चिल्लाने से कुछ नहीं होगा तुम भी भक्ति करो। दूध में मक्खन है ऐसा कहने से कुछ हाथ नहीं लगेगा। दूध को गर्म कर उसका दही जमाकर उसे मथ कर मक्खन निकालना होगा। ऐसे ही ईश्वर को पाने के लिए तप वैराग्य भजन करना होगा। फिर मुख्य बात है विश्वास। विश्वास होने पर कोई भय नहीं। गुरु वाक्य में विश्वास करना पड़ता है। गुरु को ईश्वर मानना पड़ता है, तब लाभ होता है। भगवान का नाम लेकर ताली बजाने से पाप रूपी पक्षी भाग जाते हैं।

क्रमशः

## ओपिनियन

# पीली सरसों का तेल दिलाएगा बीमारियों से निजात



डॉ. मनोज मुरारका
ऑयल रिसर्चर
@jagrukjanta.net

**प्राचीन काल से ही भारत में सरसों को एक औषधि के रूप में उपयोग किया जाता है। आयुर्वेद में सरसों, उसके पत्तों और तेल के उपयोग से बने कई नुस्खे हैं। 16वीं शताब्दी के ग्रंथ आइन-ए-अकबरी में रोहिलखंड साम्राज्य में भी सरसों का उल्लेख है। प्राचीन मिस्र के मकबरों में सरसों के बीज विदाई की भेंट के तौर पर रखे जाते थे।**

सरसों का पौधा भारत का अत्यंत प्राचीन पौधा है। इसका जिक्र आयुर्वेद में भी मिलता है। सरसों दो तरह की होती है, पहली पीली और दूसरी काली। पीली सरसों सबसे अच्छी और इसका लेत स्वास्थ्यकर होता है। काली सरसों को राई भी कहा जाता है। लगभग 4000 ईसा पूर्व प्राचीन भारतीय किसानों ने सरसों की खेती शुरू कर दी थी। पुरातात्विक तथ्य बताते हैं कि सिंधु घाटी सभ्यता के मोहनजोदड़ो तथा हड़प्पा जैसे शहरों में सरसों और सरसों का तेल उपयोग किया जाता था। प्राचीन काल से ही भारत में सरसों को एक औषधि के रूप में उपयोग किया जाता है। आयुर्वेद में सरसों, उसके पत्तों और तेल के उपयोग से बने कई नुस्खे हैं। 16वीं शताब्दी के ग्रंथ आइन-ए-अकबरी में रोहिलखंड साम्राज्य में भी सरसों का उल्लेख है।

सरसों और सरसों का तेल पाक कला में उपयोग होने के साथ साथ अपने औषधीय और परिरक्षक गुणों के कारण मसालों के मार्ग से तथा अन्य व्यापार मार्गों से मिस्र और फिर रोम, गॉल तथा यूनान तक पहुंचकर पूरी दुनिया में फैल गया। प्राचीन यूनानी चिकित्सा वैज्ञानिक जैसे हिप्पोक्रेट्स तथा पाइथागोरस ने भी सरसों के उपचारात्मक गुणों के बारे में दुनिया को बताया है। सरसों के तेल में एंटी इंफ्लेमेटरी, रोगाणुरोधी, कवकरोधी और जीवाणुरोधी गुण होते हैं। सरसों का तेल दर्द नाशक होता है। प्राचीन यूनान में इनका दांतों के दर्द के लिए औषध निर्देशन बताया जाता था। प्राचीन मिस्र में इसका उल्लेख है और उनके मकबरों में सरसों के बीज विदाई की भेंट के तौर पर रखे जाते थे।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की रिसर्च कहती है कि पीली सरसों का तेल खाने से कैंसर जैसे रोगों से लड़ने में मदद मिलती है। पीली सरसों के तेल में ऐसे बहुत से पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर में कैंसर की कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने में मदद करते है। पीली सरसों के तेल में टोटल लिपिड, फैटी एसिड, टोटल सैचुरेटेड, टोटल मोनोअनसैचुरेटेड, टोटल पॉलीअनसैचुरेटेड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। पीली सरसों में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इसके सेवन से पेट से जुड़ी कई समस्याएं दूर होती जाती हैं। वहीं पेट भी लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। शोध में इस बात का भी जिक्र किया गया कि एक चम्मच पीली सरसों के तेल का यदि रोजाना सेवन करते हैं तो व्यक्ति का मेटाबॉलिज्म दिन-प्रतिदिन मजबूत होता जाता है। इसके रोजाना सेवन से वेट लॉस में भी मदद मिलती है।

पीली सरसों के तेल का सेवन सेहत के लिए बहुत ही ज्यादा बेहतरीन होता है। इसके रोजाना सेवन से स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं दूर होती जाती हैं। वहीं ये वजन कम करने से लेकर कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद करता है। इसका सेवन यदि रोजाना करते हैं तो आपको जल्दी-जल्दी भूख का अहसास नहीं होता है, क्योंकि इसमें फाइबर की मात्रा भरपूर होती है। इसके रोजाना सेवन से कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती जाती है। साथ ही ये हाई बीपी, पेट से जुड़ी कई समस्याओं को भी दूर करता है। रोजाना दो चम्मच पीली सरसों खाने से हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी कई गंभीर बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

अगर आप वजन को कंट्रोल करना चाहते हैं तो पीली सरसों का सेवन बहुत ही ज्यादा लाभदायक होता है, क्योंकि ये फाइबर, विटामिंस, मिनरल्स, सेलेनियम, फास्फोरस के जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। वहीं इसमें कैलोरी की मात्रा भी न के बराबर होती है। इसका रोजाना सेवन करने से वेट कंट्रोल करने में बहुत ही ज्यादा मदद मिलती है। वेट कम करने के लिए पीली सरसों का सेवन रोजाना सुबह खाली पेट एक चम्मच करना लाभदायक होता है। दिल की सेहत को स्वस्थ बनाकर रखना चाहते हैं पीली सरसों का सेवन बहुत ही ज्यादा फायदेमंद होता है। इसके बीज को चबाने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रण में रहता है। वहीं ये हार्ट अटैक के खतरे को भी दूर करता है।

***(ये लेखक के अपने विचार है)***

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



हर्विका, आरना, गौरवी, जयपुर

### हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# बालिग युवक-युवती को शादी के लिए देगी पुलिस सहायता

## राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय नोडल अधिकारी किए गए नियुक्त, एडीजी स्मिता श्रीवास्तव ने दी जानकारी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में खुद की इच्छा से विवाह करने वाले युवक और युवती को राजस्थान पुलिस सहायता देगी। इस के लिए प्रदेश भर में राजस्थान पुलिस ने अपने नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। जानकारी देते हुए एडीजी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए 22 मार्च को राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए। राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी श्वेता धनखड़ और एडिशनल एसपी वनीता शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार सभी जिलों में एक नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिससे बालिग युवक और युवती को शादी करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। एडीजी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि हाई कोर्ट ने इसे लेकर कई बार नोडल अधिकारी बनाने के लिए कहा था। जिस पर कई समय से काम चल रहा था जो अब पूरा हो गया हैं। राज्य स्तर पर किसी को कोई परेशानी होती हैं तो वह राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी डीआईजी श्वेता धनखड़ से मोबाइल नम्बर 9413179228 एवं सहायक नोडल अधिकारी वनीता शर्मा से मोबाइल नम्बर 9414709514 से सम्पर्क कर सहायता मांग सकते हैं। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी नोडल अधिकारियों को नियुक्त कर दिया गया हैं।

जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों में अजमेर जिले में छवि शर्मा से मोबाइल नम्बर 7599933000, भीलवाडा जिले में राहुल जोशी से मोबाइल नम्बर 9784542904, नागौर जिले में ताराचन्द 8440877000, टोंक जिले में नरेश कंवर से मोबाइल नम्बर 9166434044, जयपुर पूर्व जिले में ममता मीणा सीआई से मोबाइल नम्बर 9414841374, जयपुर पश्चिम जिले में सरोज मीणा से मोबाइल नम्बर 8949451840, जयपुर उत्तर जिले में मनोज शर्मा आरपीएस से मोबाइल नम्बर 9829078087, जयपुर दक्षिण जिले में ममता शार्दूल पुलिस निरीक्षक से मोबाइल नम्बर 8107310811,जयपुर ग्रामीण जिले में लक्ष्मी उप निरीक्षक से मोबाइल नम्बर 946154417 से सम्पर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार अलवर जिले में सरिता सिंह से मोबाइल नम्बर 9928951114, भिवाडी जिले में रजनी कुमारी से मोबाइल नम्बर 8290038714, दौसा जिले में गीता चौधरी उप निरीक्षक से मोबाइल नम्बर 9784856668, सीकर जिले में सुनिता सैनी उनि से मोबाइल नम्बर 9636433625, झुन्झुनू जिले में नेहा अग्रवाल से मोबाइल नम्बर 9782359494, बीकानेर जिले में सुषीला से मोबाइल नम्बर 7062321994, हनुमानगढ जिले में ललिता से मोबाइल नम्बर 8005653360, गंगानगर जिले में राजेश से मोबाइल नम्बर 9414537612, चूरू जिले में जयसिंह तंवर से मोबाइल नम्बर 9829824476, भरतपुर जिले में नरगिस खॉन उपनिरीक्षक से मोबाइल नम्बर 9785583492, सवाईमाधोपुर जिले में राजवीर सिंह से मोबाइल नम्बर 9414013600, धौलपुर जिले में सुरेश सांखला आरपीएस से मोबाइल नम्बर 9828745995 व 9530411600 से सम्पर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार करौली जिले में सुरेश जैफ से मोबाइल नम्बर 9413602306, जोधपुर पूर्व जिले में मंजू से मोबाइल नम्बर 9414721202, जोधपुर पश्चिम जिले में प्रेम धणदे से मोबाइल नम्बर 6350057219, जोधपुर ग्रामीण जिले में कैलाशदान से मोबाइल नम्बर 9461838111, जैसलमेर जिले में मिनाक्षी मालवीय से मोबाइल नम्बर 9001888638, बाडमेर जिले में राजीव कुमार परिहार आरपीएस से मोबाइल नम्बर 9414250875, पाली जिले में भोमाराम से मोबाइल नम्बर 9414084222, सिरोही जिले में दिनेष कुमार से मोबाइल नम्बर 9649534677, जालौर जिले में अवधेश सांधु से मोबाइल नम्बर 7014727485 व 7568981818, कोटा शहर जिले में उमा शर्मा से मोबाइल नम्बर 9414202511, कोटा ग्रामीण जिले में श्रीमती यशोराज मीणा से मोबाइल नम्बर 9887185968 से सम्पर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार बूंदी जिले में किशोरी लाल से मोबाइल नम्बर 9694482025, बांरा जिले में अखिलेष त्रिपाठी से मोबाइल नम्बर 9929305675, झालावाड जिले में कृष्णा चन्द्रावत से मोबाइल नम्बर 9413101241, उदयपुर जिले में महेन्द्र पारीक से मोबाइल नम्बर 7737205348, डूंगरपुर जिले में निरंजन चारण व प्रकाश से मोबाइल नम्बर 9414296644 व 7568809133, बांसवाडा जिले में राजीव जोशी से मोबाइल नम्बर 9414163639, राजसमन्द जिले में शिव लाल बैरवा से मोबाइल नम्बर 9672496137, चितोडगढ जिले में शाहना खानम से मोबाइल नम्बर 7728079758, प्रतापगढ जिले में भागचन्द्र मीणा से मोबाइल नम्बर 9413352353, जीआरपी अजमेर जिले में खान मोहम्मद से मोबाइल नम्बर 9414201920 तथा जीआरपी जोधपुर जिले में महेष श्रीमाली से मोबाइल नम्बर 9929292822 से सम्पर्क किया जा सकता है

---

**प्री डीएलएड परीक्षा**

### आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई

**बीकानेर @ जागरूक जनता।** प्री डीएलएड परीक्षा 2023 के ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। सोमवार तक लगभग 3.5 लाख अभ्यर्थियों द्वारा इस परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन किया जा चुका है। परीक्षा 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

### समायोजन के लिए आज भर सकेंगे विकल्प

**बीकानेर @ जागरूक जनता।** पूर्व प्राथमिक शिक्षक शिक्षा विभाग के अधीन महात्मा गांधी (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय में संचालित बाल वाटिका में समायोजन के लिए अब 26 जुलाई तक जिला आवंटन के विकल्प भर सकेंगे। पूर्व में विकल्प भरने के लिए सोमवार अंतिम दिन था। इसे बढ़ा कर 26 जुलाई कर दिया गया है।

---

**चिकित्सा मंत्री मीणा, आयुर्वेद मंत्री गर्ग ने किया सम्मान**

# आरोग्यम में सम्मानित हुए डॉ. धाकड़

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** क्लार्क्स आमेर होटल में स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण हेतु "आरोग्यम" कार्यक्रम एक चैनल द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा रहे। विशिष्ट अतिथि तकनीकी एवं आयुर्वेद मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग थे। कार्यक्रम के दौरान सवाई मान सिंह चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग के वरिष्ठ आचार्य एवं ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉक्टर अनुराग धाकड़ का उल्लेखनीय चिकित्सा सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। गौरतलब है कि डॉ. धाकड ने अभी हाल ही में महिला मरीज चुकी देवी के गठिया के कारण ख़राब हुए दोनों घुटने एवं दोनों कूल्हे के जोड़ो का एक साथ चारों जोड़ो के बदलने का ऑपरेशन सवाई मान सिंह चिकित्सालय में मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के अन्तर्गत पूर्णतः निःशुल्क किया था। जो कि एसएमएस अस्पताल एवं प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पहली बार हुआ है।

---

**एनआईए ने नारदपुरा के 186 लोगों को दिया चिकित्सा लाभ**

# नि :शुल्क चल चिकित्सा शिविर आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विवि) के तत्वावधान में ग्राम नारदपुरा तहसील जमवारामगढ़ में कायचिकित्सा विभाग द्वारा एकदिवसीय निःशुल्क चल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के रूग्णों को चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। कुल 186 स्थानीय नागरिकों ने चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया जिनमें से कई रुग्णों को विशिष्ट परामर्श व जांचों हेतु राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान चिकित्सालय में आने हेतु प्रेरित किया गया ताकि उनका सम्पूर्ण उपचार संभव हो सके। शिविर के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को वर्षा ऋतुचर्या एवं वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों के बचाव की जानकारी प्रदान की गयी, साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु आयुरक्षा किट का वितरण भी किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ. हरीश भाकुनी (शिविर प्रभारी), डॉ. अक्षय सोलंकी, डॉ. भव्या खत्री, डॉ. गौरव मैथिल (पी.जी. अध्येता), सुनील कुमार (फार्मासिस्ट) एवं सुरक्षा प्रहरी ने सेवाएं प्रदान की।

---

# थानवी ने दिए सिविल सेवाओं की तैयारी के टिप्स

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** मानसरोवर स्थित आईआईएस (डीम्ड यूनिवर्सिटी) की ओर से यूनिवर्सिटी कैम्पस में ही यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2022 में 100वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल करने वाली भाविका थानवी का टॉक शो हुआ। गौरतलब है कि भाविका आईआईएस यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट रही हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता व रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने भाविका थानवी का अभिनंदन किया। जैम्पपैक्ट हॉल में हुए टॉक शो में भाविका ने सिविल सेवाओं की तैयारी कैसे करें विषय पर स्टूडेंट्स ने अपने अनुभव शेयर किए। डिपार्टमेंट ऑफ सेंटर फोर प्रिपरेटरी क्लासेज की ओर हुए इस कार्यक्रम में भाविका थानवी ने यूपीएससी परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी कैसे करें, इसके बारे में विस्तार से बताया। भाविका ने कहा कि कहा कि वह आज जो कुछ भी है, उसे हासिल करने में आईआईएस यूनिवर्सिटी ने ही मदद की है। संवाद सत्र में तकरीब 300 से अधिक उत्साहित स्टूडेंट्स ने भाविका से कई सवाल भी पूछे। इस मौके पर डिपार्टमेंट ऑफ सेंटर फोर प्रिपरेटरी क्लासेज की कॉओर्डिनेटर रिद्धसिद्ध सिंह भी मौजूद रहीं।

---

# विद्यार्थियों ने किया राजभवन का भ्रमण

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजभवन द्वारा शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं को विभिन्न राजनीतिक बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया गया बताया कि आज की युवा पीढ़ी जितनी जागरूक होगी देश का भविष्य उतना ही उज्जवल होगा मौका था बेनाड रोड स्थित कलर प्रीस्कूल में चलाए जा रहे राजनीतिक जागरूकता शिविर का जिसके अंतर्गत राजभवन स्थित संविधान पार्क का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें 19 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक सुरेश कुमावत ने बताया कि केवल किताबी शिक्षा से जागरूकता नहीं लाई जा सकती। इसलिए विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षा दी जानी चाहिए। संस्था समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम करवाती रहती है। इस अवसर पर संस्था प्रधान मनोज कुमावत ने राजभवन द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण समय व मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद दिया।

---

# हर खेत को मिले पानी व फसल को मिले उचित दाम-रामपाल जाट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**रींगस।** प्रधानमंत्री के 27 जुलाई के प्रस्तावित दौरे को लेकर विभिन्न किसान संगठन भी सक्रिय हो गए हैं, किसान संगठनों की ओर से अपनी मांगों को लेकर किसानों से जनसंपर्क किया जा रहा है। किसान महापंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने रींगस इलाके के विभिन्न गांवों का दौरा करके किसानों से जनसंपर्क किया। कस्बे के भेरूजी मोड़ स्थित निजी शिक्षण संस्थान में पत्रकारों से वार्ता करते हुए रामपाल जाट ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य का जो पार्टी कानून पहले बनाएगी आने वाले चुनाव में प्रदेश का किसान उसी पार्टी का समर्थन करेगा। दोनों ही पार्टी यदि किसानों की उपेक्षा करते हुए कानून नहीं बनाएगी तो किसान दोनों पार्टियों को हराने का काम करेंगे। केंद्र की भाजपा व प्रदेश की कांग्रेस दोनों सरकारें न्यूनतम मूल्य का कानून बना सकती हैं। जो सरकार पहले यह कानून बनाएगी उसी का किसान साथ देंगे। जाट ने कहा कि इस बार किसान खेत को पानी एवं फसलो को दाम के नाम पर वोट करेगा।

---

### खंडपीठ के मामलों की 1 अक्टूबर से केवल ई-फाइलिंग स्वीकार्य होगी

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने खंडपीठ में सुनवाई के लिए नए मामलों की आगामी एक अक्टूबर से ई-फाइलिंग अनिवार्य करने की अधिसूचना जारी की है। हालांकि, अधिवक्ताओं और पक्षकारों की सहूलियत के लिए यह सुविधा एक अगस्त से ही अमल में आ जाएगी, ताकि संबंधितों को भविष्य में अनिवार्यता के बाद परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ई-फाइलिंग के लिए हाईकोर्ट ने पूर्व समय समय पर दिशा निर्देश किए हैं, जिसके तहत वर्तमान में केंद्र व राज्य सरकार के लिए ई-फाइलिंग अनिवार्य है। अब खंडपीठ के मामलों के लिए निजी पक्षकारों को भी ई-फाइलिंग का सहारा लेना पड़ेगा। ई-फाइलिंग के बाद दिशा-निर्देशों के अनुसार हार्ड कॉपी दाखिल करनी होगी। अधिसूचना के अनुसार एक अक्टूबर के बाद किसी भी भौतिक फाइलिंग पर विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक की दायर याचिकाओं में जवाब दाखिल करना, शपथ पत्र, आवेदन आदि की भी ई-फाइलिंग करनी होगी।

---

# आईपीएस बनने के बाद पहली बार घर पहुंचे धीरेंद्र वर्मा, स्थानीय लोगो ने किया स्वागत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**रींगस।** यूपीएससी की ओर से घोषित परिणाम में कस्बे के वार्ड नं 23 के निवासी धीरेंद्र वर्मा 789 वीं रैंक प्राप्त कर आईपीएस बने हैं, आईपीएस बनने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव रींगस पहुंचे। स्थानीय लोगो द्वारा कस्बे के सिटी बस स्टैंड पर आईपीएस धीरेंद्र वर्मा व उनके पिता गुरुप्रसाद वर्मा का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया, साथ ही मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। मीडिया से खास बातचीत में आईपीएस धीरेंद्र वर्मा ने बताया की बिना संघर्ष लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है, मन चाहा लक्ष्य पाने के लिए मन के विपरीत मेहनत करनी पड़ती है। परिस्थितियां अनुकूल बनानी पड़ती हैं, संघर्ष की राह बहुत कठिन होती है। इसके बावजूद जो चलना बंद नहीं करते वही सफल होकर ऊंचाइयों पर पहुंचते हैं, जो युवा इस बात को जल्दी समझ जाएंगे वह बड़े मुकाम तक आसानी से पहुंच जाएंगे। संदीप डंडिया ने कहा कि धीरेंद्र वर्मा का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होना रींगस शहर के लिए गौरव की बात है, वर्तमान में धीरेंद्र वर्मा असिस्टेंट जीएसटी कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर रामवतार ढ़ेणवाल, महेंद्र वर्मा, रामचन्द्र डंडिया, एडवोकेट दिनेश बुनकर, रामनिवास राजोरिया, ओमप्रकाश कालावत, रमेश वर्मा, प्रेम वर्मा, अर्जुन चौहान, मुकेश कुमावत, सत्यनारायण मौर्य, अमित जाटावत, मनीष शर्मा, सुरेश गढ़वाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

---

## वीरांगना नीरा आर्य

26 जुलाई 1998 में चारमीनार के पास उस्मानिया अस्पताल में एक बीमार वृद्ध महिला का निधन हो गया, जो फूल बेच कर अपनी गुजर बसर कर रही थी, शायद जिनके परिवार से भी कोई नहीं था उनके अंतिम संस्कार में। बस कुछ देशभक्त जो इस वीरांगना की स्वतंत्रता संग्राम में निभाए गये किरदार, इन की शौर्य गाथा और इनके द्वारा दिए गए बलिदान की महत्ता को जानते थे। यह थी नीरा आर्य आजाद हिंद सेना में रानी झांसी रेजीमेंट की सिपाही। जिनका जन्म 5 मार्च 1902 में उत्तर प्रदेश के खेकड़ा नगर में हुआ। पिता व्यापारी थे और कोलकाता उनके व्यापार का केंद्र था, इसीलिए नीरा की प्रारंभिक शिक्षा का प्रबंध कोलकाता में ही किया गया। उस समय महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नहीं था, बहुत कम और भाग्यशाली लड़कियां थी जिनको शिक्षा का अधिकार मिला और जिनको शिक्षा और ज्ञान का अधिकार मिला, वह इतिहास रचा गई। नीरा को संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला के साथ कई अन्य भाषाओं का ज्ञान था। वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ आजाद हिंद सेना की पहली महिला जासूस भी थी। उनका विवाह अंग्रेजी सेना में अफसर श्रीकांत जय रंजन दास से हुआ, जो पूरी तरह ब्रिटिश राज के भक्त थे। शायद नीरा का विवाह भी उनके स्वतंत्रता संग्राम का ही हिस्सा रहा होगा, क्योंकि जिस अंग्रेजी अफसर श्रीकांत से नीरा आर्य का विवाह हुआ उन्हीं को नेताजी की जासूसी करने और मारने की जिम्मेदारी सोंपी गई थी। परंतु वह नेताजी तक पहुंचते कैसे एक अटल, साहसी भारतीय नारी चट्टान की तरह उनके और नेताजी के बीच जो खड़ी थी। नीरा आर्य ने नेताजी की जान बचाने के लिए श्रीकांत जय रंजन की हत्या कर दी, इसी के चलते उन्हें काले पानी की सजा हुई शुरुआत में कोलकाता की जेल में उन्हें बुरी तरह मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी गई, ताकि वह नेताजी का पता अंग्रेजी सरकार को बता दे, ऐसी प्रताड़ना उन्होंने सही जिसे सोचकर आत्मा सिहर जाए और लिखते समय हाथ कांप जाए । नीरा आर्य के इरादे और देशभक्ति की भावना इतनी प्रखर थी कि उन्होंने सजा काटना स्वीकार किया, परंतु देश और आजाद हिंद सेना से गद्दारी नहीं। 1947 में भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी मिल गई और नीरा आर्य को रिहाई ,मगर इस आजाद भारत में सम्मान और रहने को छत ना मिल पाई। 26 जुलाई 1998 में मृत्यु से पहले वह फूल बेचकर अपना गुजारा कर रही थी । कभी-कभी लगता है ,क्या वह किसी राजनीतिक दल से जुड़ जाती तो उनका जीवन और मृत्यु दोनों को ही इतिहास और बच्चों के पाठ्यक्रम में स्थान मिल जाता? खैर, इस तरह के अनगिनत पन्नों से भरा पड़ा है भारत का शौर्य इतिहास। यह आजादी इतनी आसानी से नहीं मिली है , इसका महत्व बहुत बड़ा है। इस पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों को यह याद रखना होगा। स्वतंत्रता के नायक नायिकाओं के बलिदान की कीमत पर मिली इस आजादी का उपयोग देश और संस्कृति को विश्व पटल पर सर्वोच्च रखने में प्रयासरत रह पाए तो आज 26 जुलाई को नीरा आर्य जैसी महान स्वतंत्रता सेनानी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पण करने जैसा होगा।

**नविता मिश्रा,** लेखक

---

# पंचांग





ज्योतिर्विद् **अक्षय शास्त्री**
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 26/07/2023**

**सूर्योदय :** 05:51 **सूर्यास्त :** 19:14 **चन्द्रोदय :** 13:03 **चन्द्रास्त :** 24:16 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** आषाढ़ा **पूर्णिमांत :** आषाढ़ा **सूर्य राशि :** कर्क **चन्द्र राशि :** तुला **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** अष्टमी, 15:46 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **गुजराती सम्वत :** 2079 आनन्द **चन्द्रमास श्रावण (अधिक) :** पूर्णिमान्त **श्रावण (अधिक) :** अमान्त

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** स्वाति, 25:00 तक
**योग :** साध्य, 14:25 तक
**प्रथम करण :** बावा, 15:46 तक
**द्वितिय करण :** बालवा, 27:54 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:13 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:34 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | 12:00 पी एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:45 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:18 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:19 पी एम से |
| अमृत काल | 09:07 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:07 ए एम, जुलाई 21 से |
| रवि योग | 10:55 ए एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : दक्षिण में
राहु काल वास दक्षिण में
अग्निवास : आकश
कुंभ चक्रः पूर्व

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:51 - 07:31 | उद्वेग : 07:13 - 08:33 |
| अमृत | : 07:31 - 09:11 | शुभ : 08:33 - 09:53 |
| काल काल वेला | : 09:11 - 10:52 | अमृत : 09:53 - 11:13 |
| शुभ | : 10:52 - 12:32 | चर : 11:13 - 12:32 |
| रोग वार वेला | : 12:32 - 02:12 | रोग : 12:32 - 01:52 |
| उद्वेग | : 02:12 - 03:53 | काल : 01:52 - 03:12 |
| चर | : 03:53 - 05:33 | लाभ : 03:12 - 04:31 |
| लाभ | : 05:33 - 07:13 | उद्वेग : 04:31 - 05:51 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज अष्टमी

**आज कौन सा कार्य करें**

अष्टमी : संग्राम, वास्तु, शिल्प, लेखन, स्त्री, रत्न धारण, आभूषण खरीदना ये सब अष्टमी को शुभ हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

श्रावण (अधिक), शुक्ल, अष्टमी, 2080 बुधवार, 26 जुलाई - 1 अगस्त, 2023

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
**किसी** बनते हुए काम के बिगड़ने की सम्भावना है। विवाहेत्तर सम्बन्धों से आपको बचना चाहिये। त्वचा में कुछ इन्फेक्शन जैसी समस्या हो सकती है। सरकारी अधिकारियों को जॉब में काफी

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** की उपलब्धियों से उत्साहित रहेंगे। मित्र परेशानियों को समझेंगे और सुलझाने का प्रयास करेंगे। साहित्य क्षेत्र के लोगों को धन और सम्मान प्राप्त हो सकता है। रिश्तों को निष्ठा से निभाने का प्रयास करें।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
**धन** की कमी का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। परिवार के किसी सदस्य के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अहंकार के कारण मित्रों के साथ मतभेद हो सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**स्वभाव** में नम्रता बनाये रखें। कर्मचारियों के प्रति नम्रता का भाव रखें। परिवार में कुछ भावनात्मक रहेंगे। नये कार्यों में निवेश शुरू कर सकते हैं। व्यावसायिक अनुबन्धों को समय से पूर्ण कर लेंगे।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
**आकस्मिक** यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
**यदि** आप कुछ उधार लेना चाह रहे हैं तो आपको थोड़ी सावधानी रखनी होगी। विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है। व्यर्थ की यात्रा से आपको बचना चाहिये।

**कर्क** [हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
**अपनी** विचारधारा का प्रभाव लोगों पर छोड़ पायेंगे। व्यवसाय से होने वाली आय में वृद्धि होगी। छोटे भाई-बहनों को उपहार दे सकते हैं। सेल्स से जुड़े लोग अपना टार्गेट समय से पहले ही पूर्ण कर लेंगे।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**नये** कार्यों को लेकर सावधानी बरते। ऑफिस में व्यक्ति के साथ झड़प हो सकती है। महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले इष्ट मित्रों से सलाह जरूर ले। गम्भीर विषयों का अध्ययन करने के लिये सप्ताह बड़ा

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**विवादों** में घिरने के बजाय उनसे जितना हो सके उतना दूरी बनाकर रखें। घर में आपका मन नहीं लगेगा। लोग अपनी गलतियों का आरोप भी आपके ऊपर थोपने का प्रयास कर सकते हैं।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**जीवनसाथी** के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। यदि किसी स्वास्थ्य समस्या से पीड़ित हैं तो उसका समाधान मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में समृद्धि का वातावरण रहेगा।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**व्यापार** में वृद्धि होने से आप पुराने ऋणों से मुक्त हो सकते हैं। आप अपने विषय में लोगों के विचारों को जानने के लिये उत्सुक रहेंगे।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**अपनी** जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। आपकी निर्णय क्षमता में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर



## राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार विधेयक ध्वनिमत से पारित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विधान सभा ने राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार (रजिस्ट्रीकरण और कल्याण) विधेयक - 2023 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री एवं श्रम राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई ने विधेयक को सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया, जिसके बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया। इससे पहले सदन ने विधेयक को जनमत जानने हेतु परिचालित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से अस्वीकार कर दिया।

## कोटा विकास प्राधिकरण विधेयक 2023 ध्वनिमत से पारित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री शांति कुमार धारीवाल ने कहा कि कोटा विकास प्राधिकरण विधेयक- 2023 से कोटा रीजन में समुचित एवं सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित हो सकेगा। इस रीजन में कोटा शहर, कैथून (जिला कोटा), तालेड़ा व केशवरायपाटन (जिला बूंदी) सहित 292 गांवों को शामिल किया गया है। धारीवाल विधान सभा में कोटा विकास प्राधिकरण विधेयक- 2023 पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री एवं नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री ने विधेयक चर्चा के लिए सदन में प्रस्तुत किया। चर्चा के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों पर प्रकाश डालते हुए नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री ने बताया कि विधेयक में आसपास के गांवों-कस्बों को शामिल करते हुए कोटा रीजन को परिभाषित किया गया है। इससे कोटा रीजन के विकास से सम्बन्धित योजनाएं एवं परियोजनाएं बनाने और उन्हें ि यान्वित करने में सहायता मिलेगी।

## गांधी वाटिका न्यास, जयपुर विधेयक 2023 ध्वनिमत से पारित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विधान सभा ने गांधी वाटिका न्यास, जयपुर विधेयक - 2023 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री एवं शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने विधेयक को सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया, जिसके बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया। इससे पहले सदन ने विधेयक को जनमत जानने हेतु परिचालित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से अस्वीकार कर दिया।

## उदयपुर विकास प्राधिकरण विधेयक 2023 ध्वनिमत से पारित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विधान सभा ने उदयपुर विकास प्राधिकरण विधेयक - 2023 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री एवं नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने विधेयक को सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया, जिसके बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया। इससे पहले सदन ने विधेयक को जनमत जानने हेतु परिचालित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से अस्वीकार कर दिया।

### मुख्यमंत्री ने गठन सहित नवीन पदों के सृजन के लिए मंजूरी

# 3 उपखंड, 7 तहसील और 20 नवीन उप तहसीलों का होगा गठन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश में नवीन प्रशासनिक इकाइयों का गठन कर रही है। इससे आमजन को राजकीय कार्य कराने में आसानी होगी। साथ ही इकाइयों से प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण होगा और क्षेत्र विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रशासन की आमजन तक पहुंच आसान बनाने के लिए 3 उपखंड, 7 तहसील और 20 उप तहसील कार्यालयों के गठन को मंजूरी दी है।

### 3 उपखंड कार्यालयों का गठन

**जोधपुर** के बापिणी, जयपुर के किशनगढ़-रेनवाल तथा रामपुरा डाबड़ी में नवीन उपखण्ड कार्यालय खोले जाएंगे। इनमें उपखण्ड अधिकारी, नायब तहसीलदार के सहित कुल 36 पदों का सृजन होगा। इसके साथ ही विभिन्न जिलों की 6 उप तहसीलों को तहसीलों में ₹ मोन्नत तथा 1 नवीन तहसील का गठन किया जा रहा है।

### पूर्व में इन कार्यालयों में पद सृजन की दी स्वीकृति

गहलोत ने नवीन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय केकड़ी और लालसोट के लिए एडीएम के एक-एक पद सहित कुल 20 पद स्वीकृत किए हैं। वहीं, प्रतापगढ़ के सुहागपुरा और जोधपुर के आऊ नवीन उपखंड कार्यालय के लिए उपखंड अधिकारी के एक-एक पद सहित 24 पदों की स्वीकृति दी गई है। साथ ही, क्रमोन्नत तहसील छोटी खाटू-नागौर, सायरा-उदयपुर, जनूथर-भरतपुर, रामपुरा डाबड़ी-जयपुर एवं गजसिंहपुर मंडी-श्रीगंगानगर में तहसीलदार के एक-एक पद सहित विभिन्न 70 पद सृजित किए गए है। साथ ही, अलवर की बाम्बोली, डहरा, बाड़मेर की हीरा की ढाणी, चवा, फागलिया, चित्तौड़गढ़ की साडास, दौसा की देलाड़ी, बालाहेड़ी, भरतपुर की झील का बाड़ा, जैसलमेर की चांधण, डूंगरपुर की पाड़वा, नागौर की बूडसू, जोधियासी, टोंक की सिरस और सवाई माधोपुर की मलारना चौड़ में नवीन उप तहसील कार्यालय खोले जा रहे हैं। इनके लिए भी पदों की स्वीकृति दी गई है।

### 20 नवीन उप तहसीलों को मंजूरी

अलवर के हरसोरा, बाड़मेर के सवाउ पदमसिंह, पादरू, लीलसर व भियाड़, बांसवाड़ा के छोटी सरवा, बारां के रेलावन, बीकानेर के दामोलाई मय राणेर, भीलवाड़ा के अंटाली, डूंगरपुर के सरोदा, धौलपुर के कोलारी, जोधपुर के पीलवा, करौली के शेरपुर, जालोर के खासरवीर, नागौर के गोटन, पांचौड़ी व मिठड़ी, प्रतापगढ़ के धमोतर तथा उदयपुर के खेरोदा व कनबई में नवीन उप तहसील खोली जाएंगी। इनके लिए 120 विभिन्न पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है।

इनमें दौसा के कुण्डल, धौलपुर के बसई व नवाब, डूंगरपुर के ओबरी, जोधपुर के चामूं, कोटा के चेचट तथा उदयपुर के फलासियां उप तहसील को तहसील में क्रमोन्नत किया जाएगा। उदयपुर के घासा में नवीन तहसील कार्यालय भी खोला जाएगा। इनके लिए तहसीलदार सहित कुल 139 पदों का सृजन होगा।

## डिप्लोमा कोर्स के मांगे आवेदन

**बांरा @ जागरूक जनता।** केन्द्र सरकार द्वारा कृषि आदान विक्रेताओं के लिए कृषि विस्तार सेवाओं में डिप्लोमा कोर्स का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र अंता में आगामी अगस्त अथवा सितम्बर में किया जाएगा। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि यह कोर्स एक वर्ष की अवधि का होगा। इस कोर्स में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 40 से 45 सीटों पर आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिसके तहत अभी तक 25 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। शेष 15 से 20 सीटों के लिए इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकेंगे। कोर्स में उन कृषि आदान विक्रेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास वर्तमान में कृषि आदान के लाईसेंस हैं और कीटनाशी अनुज्ञा पत्र में निर्धारित योग्यता अभी तक प्राप्त नहीं की है।

## 26 को निकलेगी लॉटरी

**नागौर @ जागरूक जनता।** । डेगाना कृषि उपज मंडी सचिव यशपाल चौधरी ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा किसानों के प्रोत्साहन को लेकर चलाई जा रही कृषक उपहार योजना 2022-23 के अन्तर्गत किसानों द्वारा मंडी स्तर पर लाए गए कृषि जिन्सों के बदले जारी गेट पास की विक्रय पर्चियां और ई-पेमेंट की 10 हजार से अधिक की विक्रय पर्चियों के आधार पर किसानों के नाम पर पृथक कूपनों पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाने है। इसके लिए ऑनलाइन लॉटरी 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे मंडी कार्यालय में निकाली जायेगी।

## निधि की किश्त 28 को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पीएम किसान योजना की 14वी किस्त का सभी किसानों को बेसब्री से इंतजार हैं। देशभर के करोड़ो किसानों का इंतजार अब खत्म होने वाला हैं। सरकार द्वारा सभी किसानों के खातों में इसी माह के आखिरी सप्ताह तक पीएम किसान योजना की 14वीं किस्त जारी कर दी जायेगी। सरकारी बेवसाइट अनुसार किस्त के 2 हजार रूपये किसानों के खातों में 28 जुलाई को ट्रांसफर कर दिए जायेंगे ।

## कूनो में पर्यटक कुछ दिन नहीं देख पाएंगे चीते



**श्योपुर @ जागरूक जनता।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में पर्यटक कुछ दिन चीतों को नहीं देख पाएंगे। लगातार हो रही चीतों की मौत के बाद इन्हें स्वास्थ परीक्षण के लिए खुले जंगल से पकड़कर बाड़े में शिफ्ट किया जा रहा है। चीतों के गले से रेडियो कॉलर भी हटा दिए गए हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक रेडियो कॉलर से चीतों के गले में घाव हो रहे थे। चीता तेजस की 11 जुलाई और 14 जुलाई को सूरज की मौत के बाद अन्य चीतों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें तीन और चीतों की गर्दन में संक्रमण मिला था।

## हेमंत निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** कमला नेहरू नगर विकास समिति के चुनाव विधिवत रूप से सम्पन्न हुए। कॉलोनी के गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा एडवोकेट हेमंत शर्मा को कमला नेहरु नगर विकास समिति का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस मौके पर अनिल शर्मा, डॉ लालकृष्ण शर्मा, अरुण शर्मा, शशि शर्मा, चंद्र प्रकाश टाक, सुशील चौमाल,सीताराम शर्मा, संजय टंडन, दिनेश शर्मा एवं कॉलोनीवासियों द्वारा हेमंत शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## 3500 नर्सिंग कर्मियों की होगी भर्ती

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के राजकीय चिकित्सा संस्थानों में 3500 नर्सिंग कर्मियों की कमी अर्जेंट टेंपरेरी बेसिस (यूटीबी) के आधार पर की जाएगी। इसकी स्वीकृति जारी कर दी गई है। विभाग ने इन पदों को भरने के लिए नर्सिंग ऑफिसर और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पदों का जिलेवार आवंटन के आदेश जारी कर दिए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बतायाकि जिला कलक्टर कोयूटीबी आधार पर इन रिक्त पदों को भरने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# कोजरा-नांदिया के बीच रोड में अवैध रूप से परिवहन करता डम्पर फंसा, अधिशाषी अभियंता ने कहां रिपोर्ट सरकार को भिजेगे!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पिण्डवाडा।** समीपवर्ती ग्राम कोजरा-नांदिया के बीच रास्ता में अवैध बजरी परिवहन करता डम्पर फंस गया। जिससे रास्ता अवरूध हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोजरा-नांदिया व नांदिया-आरासणा रोड पर पर अवैध रूप से ऑवरलोडिंग बजरी के डम्परो के आवागन के सडक व रपटे पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। रपट व सडक क्षतिग्रस्त होने सार्वजनिक निर्माण विभाग को करोडा रूपये का नुकसान हुआ है। वही सोमवार को नांदिया के समीप अवैध रूप से ऑवरलोडिंग बजरी परिवहन करते हुए डम्पर फंस गया। डम्पर फंसने से रास्ता अवरूध हो गया। जिससे ग्रामीणों की मौके पर भीड लग गई। तथा ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन के विरूध आक्रोश प्रकट किया। वही जब खनन विभाग के सहायक अभियंता चन्दन कुमार को अवैध बजरी परिवहन की सूचना दी, तो कार्यवाही करने के बजाय यह उत्तर दिया कि सरकार को रिपोर्ट भेजगें। खनिज विभाग के अनुसार वर्ष में दो माह जुलाई व अगस्त में बजरी परिवहन पर रोक होती है, लेकिन बजरी माफिया सरकारी नियमों को ताक में रखकर, प्रशासन के नाक के नीचे से बजरी परिवहन कर रहे है।



> बजरी के अवैध परिवहन की जानकारी नहीं है, मैने खनिज विभाग के अधिशाषी अभियंता से चर्चा करता हूं। **हंसमुख कुमार** उपखण्ड अधिकारी पिण्डवाडा

> दो माह के लिए बजरी परिवहन पर रोक लगी हुई है, फिर भी अवैध रूप से परिवहन की जा रही है, तो कार्यवाही के लिए रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजी जायेगी। **चन्दन कुमार** अधिशाषी अभियंता खनिज विभाग सिरोही

**स्थानीय** प्रशासन द्वारा अवैध बजरी परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर, नांदिया आरासणा व कोजरा नांदिया मरम्मत कार्य नहीं किया गया, तो आगामी सात दिनों के बाद उपखण्ड कार्यालय का घेराव पर जनआन्दोलन किया जायेंगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की रहेगी। **रतनलाल गरासिया** प्रदेश सदस्य भाजपा किसान मोर्चा

# यूपी में हर स्टूडेंट की होगी यूनिक आईडी!

## स्कॉलरशिप जैसी योजनाओं में मिलेगी मदद, खुलेगा डिजिटल अकाउंट

### अवसर योजना को सैद्धांतिक मंजूरी कैबिनेट की हरी झंडी जल्द

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**लखनऊ।** यूपी में हर बच्चे को आधार के तर्ज पर यूनिक स्टूडेंट आईडी देने की तैयारी है। आईडी के जरिए बच्चे का डिजिटल अकाउंट खोला जाएगा जिसे 'अवसर' (अक्रूड वैरिफाइड स्टूडेंट अचीवमेंट रेकॉर्ड) का नाम दिया गया है। पहली बार दाखिला लेने के साथ ही जनरेट की जाने वाली इस आईडी के जरिए प्रदेश के किसी शिक्षण संस्थान से उसकी आखिरी डिग्री तक का रेकॉर्ड ट्रैक किया जा सकेगा। बेसिक शिक्षा विभाग की इस प्रस्तावित 'अवसर' कार्यक्रम को सीएम योगी आदित्यनाथ के सामने प्रजेंटेशन के बाद हरी झंडी मिल गई है। जल्द ही औपचारिक मंजूरी के लिए इसे कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा।

योजना से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि बच्चे पहले दाखिले के वक्त स्कूल ही उसकी आईडी जनरेट करेगा। इससे संबद्ध डिजिटल अकाउंट में उसकी शैक्षिक प्रगति का ब्योरा दर्ज किया जाएगा। प्राइमरी के बाद माध्यमिक और उच्च शिक्षा तक पढ़ाई के हर स्तर पर दाखिले के लिए यूनिक आईडी को अनिवार्य बनाया जाएगा।

मसलन बोर्ड परीक्षा का फार्म भरना हो या विवि में दाखिले के लिए अनिवार्य तौर पर यूनिक आईडी का विवरण दर्ज करना होगा। छात्र जिस संस्थान में दाखिला लेगा वहां उसके शैक्षिक प्रगति का विवरण, मार्कशीट, सर्टिफिकेट आदि अकाउंट में अपलोड करने की जिम्मेदारी संबंधित संस्थान की होगी। यह सिस्टम निजी और सरकारी सभी संस्थानों में लागू होगा।

### योजनाओं के लाभ के लिए भी जरूरी

**स्कॉलरशिप** व अन्य सरकारी योजनाओं में यूनिक आईडी ही स्टूडेंट की पहचान के तौर पर इस्तेमाल की जाएगी। इस कवायद से प्रवेश में डुप्लिकेसी, मिड डे मील या स्कॉलरशिप से जुड़ी योजनाओं का दुरुपयोग रोका जा सकेगा। स्टूडेंट के सारे दस्तावेज डिजिटली मौजूद होने से नौकरी के दौरान सत्यापन की प्रक्रिया स्वतः ही पूरी हो सकेगी। इसके जरिए आउट ऑफ स्कूल या ड्रापआउट भी ट्रैक किए जा सकेंगे।

> **'अवसर'** के जरिए हम सभी बच्चों को एक यूनिक पहचान से जोड़ेंगे। शिक्षा के हर स्तर पर इसे अनिवार्य बनाया जाएगा। आईडी से न केवल शैक्षिक प्रि या, सत्यापन जैसे काम सहज होंगे, बल्कि, योजनाओं को और पारदर्शी बनाने में भी मदद मिलेगी।
> **विजय किरन आनंद,** (डीजी स्कूली शिक्षा)

### अजीतगढ़ में नाबार्ड द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका अहम-डीडीएम मीना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सीकर।** नाबार्ड द्वारा जिले के अजीतगढ़ कस्बे में स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीडीएम सीकर एम एल मीना एवं अध्यक्षता पद्मश्री जगदीश पारीक द्वारा की गई। कार्यक्रम संयोजक रामावतार पारीक ने बताया कि प्रशिक्षण में अजीतगढ़ क्षेत्र के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई 80 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डीडीएम सीकर एवं सहायक महाप्रबंधक नाबार्ड एम एल मीना ने कहा कि देश में महिला उत्थान व सशक्तीकरण में स्वयं सहायता समूहों की अहम भूमिका है। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। साथ ही, उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई सभी महिलाओं को "पंचसूत्र" का पालन करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं का बैंकों के माध्यम से लाभ लेकर स्वरोजगार शुरू करने हेतु प्रेरित किया। ताकि देश में समावेशी विकास में सभी का योगदान हो और सभी वर्गों को इसका लाभ भी मिल सकें।

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं, एनजीओ व स्वयं सहायता समूहों से जुड़े युवाओं व महिलाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए आहवान किया। कार्यक्रम में आरसेटी से चांदनी कौशिक, विनायक महिला समिति से राजकुमार कुमावत आदि ने भी प्रतिभागियों को सम्बोधित किया।



# विद्युत विभाग कार्यालय में निकला कोबरा सांप

### स्नैक कैचर बबलू सिंह ने रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**रींगस।** कस्बे के विधुत विभाग कार्यालय में एक सांप निकला, करीब तीन फीट लंबे कोबरा सांप ने कर्मचारियों को दहशत में रखा। विधुत विभाग के भंडार संचालक शंकर लाल बलौदा ने कस्बे के वार्ड नं 14 निवासी स्नैक कैचर बबलू सिंह तंवर को तत्काल फोन करके बुलाया, स्नेक कैचर ने करीब आधे घण्टे की मशक्कत के बाद सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा। सांप को रेस्क्यू करने के बाद विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली, स्नेक कैचर बबलू सिंह ने मौके पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोबरा सांप बेहद जहरीला होता है इससे सुरक्षित एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। अनावश्यक रूप से सांपों के साथ छेड़छाड़ नही करनी चाहिए, बबलू सिंह अब तक 2 दर्जन से अधिक सांपों का रेस्क्यू कर चुके हैं।





## विधायक प्रत्याशी सुभाष मील का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**रींगस।** कस्बे के वार्ड नं 22 में स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में खंडेला विधानसभा प्रत्याशी कांग्रेस नेता सुभाष मील के जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने मील का साफा व माल्यर्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांवरमल कोरखन्या ने की, कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। सुभाष मील ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आम जनता के हितों की लड़ाई के लिए वे हमेशा लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। पिछले 50 वर्षों में राजस्थान विधानसभा में खंडेला की जनता की आवाज को दबाया गया है। जनता बहुमत देकर जिताती है लेकिन सत्ता में आने के बाद ये जनता को भूल जाते हैं। खण्डेला विधानसभा क्षेत्र के दोनों नेताओ ने केवल अपने परिवार का विकास किया है, आने वाले समय में जनता इनको जवाब जरूर देगी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

ANCHOR | नारायण दिव्यांग टैलेंट एंड फैशन शो

# दिव्यांगों ने हौसले से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्वयं सेवी संगठन - उदयपुर स्थित नारायण सेवा संस्थान (एनएसएस) का दिव्य हीरोज - 2023 नामक नारायण दिव्यांग टैलेंट एंड फैशन शो सेक्टर 18 स्थित टैगोर थियेटर में आयोजित किया गया। शो के दौरान कोई दोनों पांव से, कोई एक पैर के सहारे, कोई एक हाथ, तो कोई वैशाखी व व्हीलचेयर पर था लेकिन जोश और जुनून हर प्रतिभावान कलाकार अपने दृढ़ हौंसले से ओतप्रोत था। अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे कलाकारों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इन दिव्यांगों का हौंसला अफजाई के लिये समारोह में मुख्य अतिथि चंडीगढ़ नगर निगम की कमिश्नर अनिंदिता मित्रा (आईएएस) और आईटीबीपी के आईजी ईश्वर सिंह दुहन (आईपीएस) उपस्थित हुये। संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने मंचासीन अतिथियों और संस्थान के दानवीरों का गर्मजोशी से मेवाड़ी परम्परा के अनुसार स्वागत कर सम्मान किया।

टैलेंट शो दीप प्रज्जवलन कर हनुमान चालीसा की मनोहर प्रस्तुति के साथ शुरु हुआ। जिसमें दिव्यांग कलाकारों ने शुरु से ही साबित कर दिया कि वे किसी से कम नहीं हैं। स्टंट, भक्ति और देशप्रेम प्रस्तुतियों में कहीं भी इन होनहार दिव्यांग कलाकारों के जोश-उत्साह-उमंग में कमी नहीं आई बल्कि हर सामान्य व्यक्ति को कुछ गुजरने की प्रेरणा देने के साथ आश्चर्यचकित करने वाली थी।

इस शो में भाग लेने वाले दिव्यांग कलाकार संस्थान में शल्य चिकित्सा और कृत्रिम अंगों से लाभान्वित हुए हैं। इसके बाद संस्थान में ही मोबाइल, कंप्यूटर, सिलाई और डिजाइनिंग के लिए ट्रेनिंग लेकर आत्मनिर्भर हुये। प्रस्तुति देने वाले कलाकारों की ड्रेसे भी संस्थान में ही इन दिव्यांगों ने तैयार की है। शो के दौरान दिव्यांग बच्चों ने रैंप वॉक कर अपने अनुभवों को साझा किया। थियेटर का वातावरण दिव्यांगों के आत्मविश्वास, हुनर और हौंसलों से खुशनुमा और प्रेरणा का पुंज बन गया।

कमिश्नर अनिंदिता मित्रा ने अपने संबोधन में कहा इन दिव्यांग बंधुओं को शारीरिक विकृति है पर ये मन से बड़े मजबूत हैं। उन्होंनें कहा कि ये दिव्यांग कलाकार समाज और अन्य दिव्यांगों के लिये प्रेरणादायी बने रहेंगें।

इस अवसर पर मौजूद आईटीबीपी के आईजी ईश्वर सिंह दुहन ने कहा दिव्यांगों की शक्ति पहचान उन्हें मंच प्रदान करने के लिये नारायण सेवा संस्थान के प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंनें उम्मीद जताई कि संस्थान ऐसे मंचों के माध्यम से लोगों में ऐसी उर्जा भरता रहेगा। इस अवसर पर चंडीगढ़ के मेयर अनूप गुप्ता ने भी वीडियो संदेश में दिव्यांग कलाकारों और संस्थान का इस आयोजन के लिये स्वागत किया।

संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने दिव्यांगों की सेवा में तन मन धन अर्पित करने वाले 108 दानवीरों को भी सम्मानित किया। दिव्यांग टैलेंट शो के 30 दिव्यांग कलाकारों और 25 सदस्यीय संस्थान टीम ने चंडीगढ़ वासियों के दिल जीते लिये । हर प्रस्तुति पर दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट और उनकी मुस्कान इसकी गवाह थी। संस्थान के भगवान प्रसाद गौड़, रोहित तिवारी, जसबीर सिंह, नरेंद्र सिंह, महिम जैन मौजूद रहे।



**हाड़ौती जार सम्मेलन में जुटे पत्रकार, नेशनल जर्नलिस्ट्स रजिस्ट्रर और पत्रकार सुरक्षा कानून को बताया जरूरी**

# पत्रकारों के लिए मीडिया काउंसिल सबसे जरूरी-रासबिहारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर/रामगंजमंडी।** नेशनल जर्नलिस्ट्स रजिस्ट्रर और पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार आवास योजना समेत पत्रकार हितों के लिए नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस इंडिया और राजस्थान ईकाई जार आन्दोलनरत है। जब तक सरकार ये मांगे नहीं मान लेती है तब तक एनयूजेआई और सम्बद्ध सभी राज्यों की इकाइयां संघर्ष करेगी। पूर्व की तरह आगे भी संसद और विधानसभा भवनों ज सामने प्रदर्शन करती रहेगी। यह बात एनयूजे आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी ने कोटा ग्रामीण जार इकाई द्वारा रामगंजमंडी की होटल सहारा पैलेस में आयोजित हाड़ौती जार पत्रकार सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि देश में मीडिया काउंसिल सबसे जरूरी है। काउंसिल बनने से पत्रकार हितों की रक्षा होगी।

रासबिहारी ने कहा कि राजस्थान में राकेश शर्मा और सुभाष शर्मा के नेतृत्व में जार राजस्थान पत्रकार हितों के लिए अच्छा कार्य कर रहा है। नेशनल जर्नलिस्ट्स रजिस्टर की मांग जयपुर से की थी। इसके लिए संघर्ष कर रहे है। सरकार से इसे लागू करने की मांग कर रहे हैं। रासबिहारी ने 26 व 27 अगस्त को जयपुर में आयोजित महाधिवेशन की जानकारी देते हुए सभी पत्रकारों को आने का आह्वान किया।



ग्रामीण पत्रकारिता को बेहतर स्वरूप देने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है नेशनल रजिस्टर बने. यह बात एनयूजेआई के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी ने जार के संभागीय सम्मेलन में कही उन्होंने कहा की जिससे यह तय हो सके कि नेशनल रजिस्टर से पत्रकार कौन होगा यह तय होगा। दूसरा प्रेस सुरक्षा कानून लागू होना चाहिये। क्योंकि पत्रकार जब व्यवस्था के खिलाफ खबर लिखते तो अपने आप को असुरक्षित महसूस करता है। ग्रामीण पत्रकारिता में लोगो को तहसील स्तर की शासन से अधिमान्यता मिले। रेलवे कन्सेसन पुनः बहाल किया जाए। इसके लिए एनयूजे हमेशा ये सभी पत्रकारों के मुद्दे पर सरकार से मांग उठाते रहे है।

पत्रकार सम्मेलन को प्रदेश महासचिव भागसिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरसिंह कछवाहा, प्रदेश सचिव अशोक श्रीश्रीमाल ,रामगंजमंडी के साहित्यकार रामगोपाल राजा ,कोटा ग्रामीण जार इकाई अध्यक्ष राजू राठौर ने सम्बोधित किया। आभार जार इकाई महासचिव जितेंद जोशी ने व्यक्त किया। सम्मेलन में पुलिस उप अधीक्षक संजय सिंह व पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार, प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार, पालिकाध्यक्ष देवीलाल सैनी,कोटा जार अध्यक्ष असलम रोमी, बूंदी जिलाध्यक्ष कलीमुद्दीन, झालावाड जिलाध्यक्ष दिलीपसिंह सहित संभाग के सेंकडो पत्रकारों ने भाग लिया। सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कोटा जिला अध्यक्ष असलम रोमी ने एनयूजे आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी व महासचिव प्रदीप तिवारी को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### संगठित होकर लड़ाई लड़नी होगी-राकेश शर्मा

**सम्मेलन** को जार के पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जार की इकाई पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, पत्रकार आवास के लिए लगातार प्रयास कर रही है।पत्रकारों को अपने हित के लिए संगठित होकर आवाज उठानी चाहिए। जार हमेशा से पत्रकार हितों के लिये कार्य करता रहा है।

### पत्रकार अपनी हितों के लिए कार्य करें-गजेंद्र व्यास

**कोटा** प्रेस क्लब अध्यक्ष गजेंद्र व्यास ने भी पत्रकारों के मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि निंदा और बुराई करने के बजाय पत्रकार अपनी हितों के लिए कार्य करें। कैसे पत्रकार आर्थिक, सामाजिक तौर पर मजबूत बनें इसके लिए सभी संगठन, क्लब सोचे और कार्य करें। झालावाड़ प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय बापना ने कहा कि सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करना चाहिए।सरकार अधिस्वीकृत पत्रकारों के अलावा किसी को पत्रकार नही मानती,ऐसा नही होना चाहिए। अधिस्वीकृत पत्रकारों के मापदंड जो है उनमें सरलीकरण होना चाहिए।

# गुणवत्तापूर्ण गतिविधियो का क्रियान्वयन करे-सीएमएचओ



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ।** मौसमी बीमारियों रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेवारी अभियान की शहरी क्षैत्र में आयोजित गतिविधियो की समीक्षा बैठक डॉ रामकेश गुर्जर की अध्यक्षमा में सीएमएचओ कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सीएमएचओ द्वारा चिकित्सा अधिकारीयो एंव प्रसाविकाओ को अभियान के अन्तर्गत गतिविधियो के बेहतर प्रभावी गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिये गये। वार्ड अनुसार घर-घर सर्वे करवाये जाने, लार्वा पनपने वाले स्थानो पर निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु आशा सहयोगिनी एंव आंगनवाडी कार्यकर्ता, तथा एएनएम के गठित दलो द्वारा घर-घर एंव बुखार के रोगियो का सर्वे करवाये जाने हेतु निर्देशित किया। संस्थानो पर एंव दलो के पास एमएलओ, टेमीफोस की उपलब्धता सुनिश्चित करने एंव आईईसी, एन्टीलार्वा, सोर्स रिडक्शन की गतिविधिया करने के निर्देश दिये। सीएमएचओ ने अवगत कराया कि शहरी क्षैत्र में खाली भुखण्डो में, जलभराव वाले क्षैत्रो में अनुपायोगी पानी के निकासी, गाजर घास की सफाई, नालियो में कीटनाशक छिडकाव तथा वार्डवार कार्ययोजना तैयार कर फोंगिग करवाये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।

# अधिकमास में कैलाश धाम पर उमड़े श्रद्धालु

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जालौर।** मांडवला में श्रावण मास का तीसरे सोमवार को बिशनगढ़ में कैलाश धाम मंदिर पर दर्शन करने के लिए उमड़ा मेला। जानकारी के अनुसार कैलाश धाम बिशनगढ में करीबन 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसी प्रकार मुंडेश्वर महादेव मंदिर, सरूपुरा महादेव मंदिर, शिलेशवर मंदिर मांडवला दिनभर पूजा अर्चना व हर हर भोले वह कई जगह भजनों की भी प्रस्तुति दी गई। जानकारी के अनुसार मिश्रीमल दवे ने बताया कि आज श्रावण के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों में दिनभर मेला रहा



ऐसे में ही श्रावण मास के तीसरे सोमवार को भक्तों की भीड़ ज्यादा रही हैं।

बिशनगढ में कैलाश धाम मंदिर की 72 फीट शिव भगवान की मुर्ति दर्शन के लिए आस पास जिले से श्रद्धालु का आना जाना रहता है। वहीं श्रावण मास में ज्यादा पर्यटक दर्शन करने के लिए आते हैं।

# यूईएम में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गटका पुरुष, महिला टूर्नामेंट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** 4 दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गटका पुरुष और महिला टूर्नामेंट को यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. विश्वजॉय चटर्जी ने किया। उद्घाटन भाषण में प्रो. चटर्जी ने मार्शल आर्ट के रूप में गटका के महत्व और इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गटका भारत के गौरव का प्रतीक है और इस परंपरा को संरक्षित और बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने पूरे भारत से सर्वश्रेष्ठ गटका खिलाड़ियों को एक साथ लाने के प्रयासों के लिए टूर्नामेंट के आयोजकों को भी बधाई दी। उद्घाटन भाषण विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने दिया। उन्होंने टूर्नामेंट में प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों का भी आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर अतिथि वक्ता गटका फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रिंसिपल बलजिंदर सिंह तूर थे। उन्होंने गटका के इतिहास और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इसके महत्व के बारे में बात की। उन्होंने प्रतिभागियों से खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने और गटका के मूल्यों को बनाए रखने का भी आग्रह किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बी.एस. ने किया। यादव, यू.ई.एम विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा और खेल निदेशक है, उन्होंने कुलपति, रजिस्ट्रार, अतिथि वक्ता और प्रायोजकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और टूर्नामेंट में उन्हें शुभकामनाएं दीं। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गटका पुरुष और महिला टूर्नामेंट एक प्रतिष्ठित आयोजन है जो पूरे भारत से सर्वश्रेष्ठ गटका खिलाड़ियों का प्रदर्शन करता है। यह टूर्नामेंट प्रतिभागियों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने और देश में सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक शानदार अवसर है। यह टूर्नामेंट गटका को मार्शल आर्ट के रूप में बढ़ावा देने और इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का एक शानदार तरीका है।

## ऑनलाईन काउंसलिंग शुरू

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजुवास के ग्रेजुएशन कोर्स में प्रवेश (सेशन 2023-24) के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। पहली बार राज्य में नीट परिणामों के आधार पर ही सम्बद्ध कॉलेज में प्रवेश दिया जायेगा। ऑनलाइन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 18 अगस्त तक जारी रहेगी। एडमिशन बोर्ड के चेयरमैन केंद्रीय प्रो. ए.पी. सिंह ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया उपरान्त बनी नीट (यू.जी.) 2023 की मेरिट पर एडमिशन दिया जाएगा। इन प्रवेश पर लागू राज्य सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार सीटों की उपलब्धता के आधार पर संघटक और सम्बद्ध वेटरनरी कॉलेज में प्रवेश सुनिश्चित किये जाएंगे। प्रदेश में इस समय सात वेटरनरी कॉलेज हैं, जिसमें बीकानेर का सरकारी वेटरनरी कॉलेज भी शामिल है। बीकानेर के अलावा जयपुर में तीन वेटरनरी कॉलेज है। उदयपुर, सीकर, डूंगरपुर, टोंक, भरतपुर और करौली में भी वेटरनरी कॉलेज हैं।

# फार्मर फर्स्ट परियोजना के नोडल अधिकारी ने अंगीकृत गांवों का किया निरीक्षण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**टोंक।** भा. कृ. अनु. प.द्व कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन, जोधपुर से फार्मर फर्स्ट परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ पी पी रोहिला ने केंद्रीय भेड़ एवम ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में चल रही फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत अंगीकृत छह गांवों में से पुराने अंगीकृत चार गांवों अरणिया, बस्सी,चौसला व डेंचवास के चयनित किसानों भेड़ पालकों से मिलकर उक्त परियोजना के बारे में फीडबैक लिया और अनुसंधानात्मक व प्रसार गतिविधियों का अवलोकन किया। जिसके अंतर्गत उक्त परियोजना के विभिन्न मॉड्यूल यथा फसल उत्पादन, बागवानी, पशुपालन व चारा उत्पादन और



प्राकृतिक स्रोत प्रबंधन के अतंर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर प्रक्षेत्र में किसान कल्याण हेतु की जा रही अच्छी गतिविधियों की सराहना की तथा आवश्यक सुधार हेतु सुझाव दिए।

डॉ रोहिला उपरोक्त दौरे के दौरान परियोजना प्रधान अन्वेषक डॉ एस एस डांगी प्रोजेक्ट टीम के साथ उपस्थित रहे। इससे पूर्व डॉ रोहिला ने संस्थान में निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम "गिर गोवंश में नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान का शुभारंभ" में शिरकत की।

उक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ तोमर द्वारा फार्मर फर्स्ट परियोजना के माध्यम से भैंस के अतिरिक्त गाय की नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान की शुरुआत करना पशु पालन के क्षेत्र में एक अनूठा प्रयास है जिससे क्षेत्र के किसान निश्चित ही लाभान्वित होंगे।

# नारायण सेवा का सेमलाथला में विशाल सेवा शिविर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान की ओर से गोगुन्दा तहसील के सेमलाथला (मालवा का चौरा) गांव में विशाल सेवा शिविर सम्पन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित आदिवासी स्त्री, पुरुषों के स्वास्थ्य प्रशिक्षण के साथ ही अन्न व वस्त्र वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संजीव कुमार थे। अध्यक्षता सरपंच तोताराम गरासिया ने की। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि शिविर में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज के त्वचा, नाक, कान, गला, हड्डी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ 13 डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं दी। अनाज, राशन किट, भोजन पैकेट, छाते, चप्पल, कपडे व निःशुल्क दवा प्रदान की गई। संस्थान साधक रोहित तिवारी, नरेंद्र सिंह चौहान, महिम जैन, दिलीप चौहान आदि ने



प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक चले शिविर की व्यवस्थाओं को संभाला। शिविर में सेवाएं देने वाले विशेषज्ञ चिकित्सक ये थे- डॉ. आदित्य,डॉ. अम्बर प्रकाश (सर्जरी),डॉ. सृष्टि, डॉ. दिव्यानी (त्वचा), डॉ. कथित,डॉ. अभिषेक (पीडिया), डॉ. सुभाष (ऑप्थल), डॉ. तानिया (स्त्री रोग),डॉ. मयंक, डॉ. स्नेहिल (ऑर्थो), डॉ. दिव्य प्रकाश (ईएनटी), डॉ. मीत मेहता व डॉ. ध्रुव मोहन (औषधी)।

# पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताई पौधों की आवश्यकता



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** एम.एल.डी. इन्टरनेशनल एकेडमी विद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम में अलग-अलग कक्षाओं के छात्र-छात्राओं व कक्षा अध्यापकों में अलग-अलग प्रकार के पौधों का पौधारोपण किया जिसमें सजावटी पौधे, औषधीय पौधे, सुगन्धित पौधे, फलदार व छायादार पौधे सम्मिलित थे। प्री-प्राइमरी कक्षाओं में छात्र अथर्व शर्मा, महिपाल चौधरी, तमन्ना चौधरी, नितिन सैनी ने अपने नन्हें-मुन्ने हाथों से गुलाब, कनेर, तुलसी, मनी प्लांट जैसे पौधों का पौधारोपण किय। कक्षा एक से पांच तक विद्यार्थियों ने एलोवेरा, नींबू, पाम, शीशम, चमेली, हाइब्रिड गुलाब के पौधो का पौधारोपण किया। इस ग्रुप में अविका, राजेश्वर, शिवन्या, अलशिफा, अभिषेक बैरवा, अनवी शर्मा, दिव्यांश चौधरी, आरिनी, तृषा शर्मा व अनुष्का सम्मिलित रहें। कक्षा 6 से 8 तक विद्यार्थियों में निकिता चौधरी, कनिष्ठा नायक, अराध्या शर्मा, अयान, नीरव दाधीच, अमित योगी आदि सम्मिलित रहें जिन्होनें विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों का पौधारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन ज्योत्सना जांगिड, प्रिया जांगिड, प्रियंका शर्मा ने किया। पौधरोपण के साथ अध्यापिका नेहा चर्चिल द्वारा पौधरोपण की विधि व आवश्यकता को समझाया। अलग-अलग पौधों का जीवन में महत्व समझाया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने पौधों के नाम, उपयोग व प्रकार का विवरण किया तथा प्रिंसीपल प्रतिभा दुबे ने कार्यक्रम के अन्त में सभी विद्यार्थियों के इस सराहनीय कार्य की प्रसंशा की तथा इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहन किया। विद्यार्थियों को पौधों की प्रकृति में आवश्यकता व महत्व विभिन्न उदाहरणों द्वारा समझाया व प्रकृति से छेड-छाड न करने व प्रकृति को सुन्दर बनाये रखने का संदेश दिया।

**हर व्यक्ति को एक-एक पौधा लगाने की अपील**

# राजकीय विद्यालय में लगाए पौधे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचौर।** उपखंड के निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलादर के प्रधानाचार्य प्रभु राम चौधरी के मार्गदर्शन में द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि संयुक्त राष्ट संघ द्वारा घोषित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा अति आवश्यक है। वृक्षारोपण ही पर्यावरण संरक्षण का प्रमुख आधार है। संस्था प्रधान प्रभु राम चौधरी ने उपस्थित शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सरवन कुमार, रमेश जी भूतडा जगदीश जानी, प्रवीण जानी, पूनमाराम मांजू,



रामचन्द्र जाखर, पारसमल सोडाला, शांतिलाल राजपुरोहित, हरिराम चौधरी, हरिराम मेघवाल, जयतींराम, सावलाराम, फुसाराम बिशनोई, आसुराम, मफ़ाराम अर्जुन कुमार, कमलेश जिंगर, लुंभाराम अध्यापक गण सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक पंकज सिंह को दी श्रद्धांजलि

**जैसलमेर @ जागरूक जनता।** नागरिक सुरक्षा जैसलमेर के स्वयंसेवक पंकज सिंह को विभाग एवं स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पंकज सिंह जयपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए गए हुए थे वहां उनकी तबीयत बिगड़ने पर एस एम एस अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहाँ पर ईलाज के दौरान हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। चीफ वार्डन राजेन्द्र अवस्थी ने बताया कि पंकज सिंह नागरिक सुरक्षा के होनहार स्वयंसेवक थे और सदैव नागरिक सुरक्षा एवं ड्यूटी के प्रति जागरूक रहते थे, उनका ऐसे चला जाना हम सब के लिए क्षति है। ड्यूटी प्रभारी रतनलाल ने कहा कि विभाग द्वारा जो भी सहायता प्रदान की जाएगी। नागरिक सुरक्षा से सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह, छोटूसिंह, सीडीआई हिम्मत सिंह, सीडीआई राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, जितेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, बरकत अली, देवी सिंह, झबरसिंह, सवाई सिंह, संतोष कुमार, विजेन्द्र सिंह, जोरावरसिंह, तरुण, सुमार खान, डिप्टी चीफ वार्डन गजेन्द्र सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**ANCHOR** **नहीं सहेगा राजस्थान**

# भाजपा का दमनकारियों नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** भाजपा के प्रदेशव्यापी अभियान "नहीं सहेगा राजस्थान" के तहत पीपाड़ शहर में भाजपा पदाधिकारियों ने राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और सरकार को चेतावनी दी। कार्यक्रम के संयोजक आदित्य कच्छावाह ने बताया कि नगर मंडल में कार्यक्रम के अन्तर्गत बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की मुर्ती पर माल्यार्पण कर पदयात्रा प्रारम्भ की पदयात्रा के दौरान हिन्दू सभा, अस्पताल चौक, श्री राम चौराहा से वापस अम्बेडकर सर्किल तक रास्ते में आने वाले सभी घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कांग्रेस सरकार के विरुद्ध फेल कार्ड वितरित किए व स्टीकर चिपकाएं और राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया।



उसके बाद बिलाड़ा विधानसभा के संयोजक दयाराम सैल ने राजस्थान के सभी जिलों से लेकर छोटे ग्राम पंचायत तक भ्रष्टाचार, रिश्वतखोर, महिलाओं, दलितों, युवाओं और संत समाज पर हो रहे अत्याचार, किसानों के साथ धोखा, प्रीक्षा पेपर लीक सहित अत्याचारों के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर "राजस्थान नहीं सहेगा" के नारे के साथ प्रदर्शन कर राज्य सरकार को चेतावनी दी। सभी मुद्दो पर विस्तार से आम जन व कार्यकर्ता के बीच में रखी। मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भुतड़ा, सहसंयोजक शिवचरण विश्नोई, प्रवासी लादुराम जांजावत, तरुण मूलेवा, जगदीश दवे, प्रभाकर टाक, चिमनाराम टाक ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान मंडल महामंत्री आदित्य कच्छावाह, मनोहर लाल सोनेल, नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि रामकिशोर कच्छावाह, बंशीलाल जीनगर, पारसमल छीपा,कल्याण राम कच्छावाह, राजेन्द्र सोनी, जेठाराम सांखला, गजेन्द्र सिंह राजपुरोहित, जितेन्द्र प्रजापत, तरुण आचार्य, पार्षद कैलाश सैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष चेतन मारोठिया, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष देवाराम जागीड़,किसान मोर्चा अध्यक्ष सुखदेव सैनी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष असलम छीपा, हरिशंकर भुतड़ा, खिवराज जीनगर, कल्याण राम टाक, जयनारायण जांगिड़, सोहनलाल लखारा, सीताराम सोलंकी, सुखराम देवड़ा, विजय चौहान, रामकिशोर सैनी,जेठाराम मारोठिया, असलम सिलावट, विक्रम जोशी, महिपाल चौरडिया, शंकर लाल जीनगर, सुमेर राम टाक, जवरीलाल मुथा, देवाराम चोपड़ा, भागुराम टाक, छात्र नेता आंनद सिंह कच्छावाह, भोमाराम सांखला, रजाअली, दुर्गाराम ढोली, रविन्द्र कच्छावाह सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23


# भारत की आबादी हुई 1 जुलाई को 139 करोड़

**केंद्रीय मंत्री ने लोस में बताया- चीन पहले नंबर पर, वहां 1.42 अरब लोग**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारत की आबादी 139 करोड़ हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने लोकसभा में 25 जुलाई (मंगलवार) को ये जानकारी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में बताया- संयुक्त राष्ट्र (UN), इकोनॉमिक एंड सोशल अफेयर्स डिपार्टमेंट, पॉपुलेशन डिवीजन के ऑनलाइन पब्लिकेशन और वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्टस 2022 के मुताबिक चीन की जनसंख्या 1 जुलाई 2023 को 1 अरब 42 करोड़ 56 लाख 71 हजार अनुमानित की गई थी।

### केंद्र ने लिखित प्रश्न का जवाब दिया

**केंद्रीय** मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में बताया कि आबादी पर नेशनल कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में 1 जुलाई 2023 को भारत की जनसंख्या के 1 अरब 39 करोड़ 23 लाख 29 हजार होने का अनुमान जताया था। राय ने ये भी कहा कि केंद्र सरकार ने 2021 में जनगणना कराने के लिए 28 मार्च 2019 को गजट में नोटिफिकेशन दिया था, लेकिन इसी साल (2019) कोविड आ जाने के कारण जनगणना से जुड़ी गतिविधियों को रोक दिया गया।


जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews


# सरकार में दुर्योधन और दुशासन बैठे हैं, मैं इनके बीच रहा-गुढ़ा

**बर्खास्त मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने कहा सारे काले कारनामे जानता हूं, आंदोलन कर करूंगा खुलासा**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुरवाटी (झुंझुनूं)।** बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने एक बार फिर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में दुर्योधन और दुशासन बैठे हैं। गुढ़ा में जब तक जान है, वह इनसे लड़ेगा। गुढ़ा ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र उदयपुरवाटी (झुंझुनूं) में सरकार के खिलाफ ऊंट गाड़ी यात्रा शुरू की है। यात्रा उदयपुरवाटी के झड़ाया बालाजी मंदिर से शुरू हुई। पहले दिन पचलंगी, कैरोठ, पापड़ा और बाघोली तक निकाली गई। कैरोठ में सभा में गुढ़ा ने कहा कि मैं इस सरकार में मंत्री रहा। इन लोगों के बीच रहा, मैं इनके सारे काले कारनामे जानता हूं और प्रदेश में जाकर इनका खुलासा करूंगा।

### गहलोत या वसुंधरा की मेहरबानी से नहीं जितता

गुढ़ा ने कहा कि मैं पांच साल से आपके विधानसभा क्षेत्र का चेहरा रहा। हमने हेल्थ, सड़कों के मामले में काम किया। चाहे पानी हो, बिजली हो, हमने जान लगाकर काम किया। जो ताकत आपने मुझे दी, उस पूरी ताकत से काम किया। हमारी बहन-बेटियों ने मुझे वोट देकर विधानसभा में भेजा था। इस उम्मीद के साथ भेजा था कि राजस्थान की विधानसभा में बैठकर हमारी सुरक्षा करने का काम किया जाएगा। युवाओं ने इस उम्मीद के साथ भेजा था कि हमारे साथ अन्याय नहीं होगा। हमें रोजगार मिलेगा। मैंने पूरी ताकत के साथ आपका दिया हुआ कर्जा पूरा करने का काम किया। व्यक्तिगत रूप से भी मेरे पास कोई आदमी आया, मैंने कभी उसे निराश नहीं किया। मेरी जीत के पीछे आप लोगों का योगदान है। मैं गहलोत या वसुंधरा की मेहरबानी से नहीं जीता। किसी की मेहरबानी से विधानसभा में नहीं बैठा। मुझे आप लोगों ने भेजा।

### रेप के मामलों में पहले नंबर पर

गुढ़ा ने कहा कि आज महिला अपराधों के मामले में राजस्थान पहले नंबर पर है। महिलाओं के प्रति गुंडागर्दी में आज यह प्रदेश सबसे आगे है। ये आंकड़े देखकर मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। विधानसभा में हमारे राजस्थान के सबसे सीनियर मिनिस्टर और सरकार में नंबर दो के मंत्री ने यह तक कह दिया था कि यह तो मर्दानगी की निशानी है। दस साल की मासूम से रेप के मामले में बहस के दौरान उन्होंने यह बात कही। इससे ज्यादा शर्मनाक बात और क्या होगी? मुझसे कहते हैं माफी मांगों राजेंद्र गुढ़ा ने कहा कि विधानसभा में मैंने मणिपुर के मामले में यह कह दिया था कि अपने गिरेबां में देखो।

# अंजू ने धर्म बदलकर नसरुल्लाह से किया निकाह, बनी फातिमा!



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले के भिवाड़ी से पाकिस्तान गई भारतीय महिला अंजू ने पाक मीडिया के अनुसार इस्लाम धर्म अपना लिया और अपने पाकिस्तानी प्रेमी नसरुल्लाह से निकाह कर लिया। अब अंजू ने अपना नाम बदलकर फातिमा रख लिया है। 'आज न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार, नसरुल्लाह और अंजू का निकाह औपचारिक रूप से जिला अदालत अपर दीर में हुआ है। अंजू ऊपरी दीर जिला अदालत में काला बुर्का पहनकर उपस्थित हुई। अंजू ने अदालत जाते समय अपना चेहरा ढक लिया था, लेकिन अन्य जगह उसका चेहरा ढका हुआ नहीं था।

'आज न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार, मलकंद डिवीजन के उप महानिरीक्षक नासिर महमूद सत्ती ने भी अंजू और नसरुल्लाह के निकाह की पुष्टि की है। सत्ती के अनुसार जिला पुलिस चीफ ने उन्हें बताया था कि निकाह जिला और सत्र न्यायाधीश की अदालत में किया गया। निकाह के बाद जोड़े को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा उनके घर तक पहुंचाया गया था। अंजू ने अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर कहा कि वह अपनी मर्जी से बिना किसी दबाव के ईसाई धर्म से इस्लाम धर्म अपना रही है। उसने यह भी कहा कि निकाह की शर्तों के तहत उसका हक-मेहर (मेहर) 10 तोला सोना तय किया गया है। इस्लाम में मेहर वह रकम है जो एक पति अपनी पत्नी को अदा करता है।

अंजू और नसरुल्लाह का एक

# अवॉर्ड वापसी पर लगाम की तैयारी में सरकार

**पार्लियामेंट्री कमेटी बोली- पुरस्कार पाने वाले कैंडिडेट से शपथ लें, वे अवॉर्ड नहीं लौटाएंगे**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश में पिछले कुछ साल से अवॉर्ड वापसी का चलन काफी तेज हुआ है। इस पर लगाम लगाने के लिए पार्लियामेंट्री कमेटी ने अंडरटेकिंग फॉर्म भरवाने की सिफारिश की है। कमेटी का कहना है कि अवॉर्ड पाने वाले विजेताओं से पहले ही फॉर्म पर सिग्नेचर करवा लिए जाएं कि वे भविष्य में अपना अवॉर्ड नहीं लौटाएंगे। कमेटी ने अवॉर्ड वापसी के मुद्दे को देश का अपमान बताया है। उसने कहा कि इससे पुरस्कारों की साख पर असर पड़ रहा है। इस कमेटी में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 मेंबर शामिल हैं। संस्कृति मंत्रालय से जुड़ी संसद की इस स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद व वाईएसआर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी विजयसाय रेड्डी हैं।

### अवॉर्ड का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए

**पार्लियामेंट्री** कमेटी ने साल 2015 में कर्नाटक के प्रख्यात लेखक कलबुर्गी के मर्डर के बाद अवॉर्ड वापसी मामले का भी जिक्र किया। उसने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। हमारा संविधान हर नागरिक को भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी देता है। संविधान प्रोटेस्ट की भी आजादी देता है, लेकिन पुरस्कार लौटाना विरोध का एक तरीका बन रहा है। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। कमेटी ने कहा कि कोई भी संगठन किसी को सम्मान के तौर पर अवॉर्ड देता है। इसलिए इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। कई बार देखा गया है कि लोग सरकार से सहमत नहीं होते तो अवॉर्ड वापस करने की बात करने लगते हैं। इसी वजह से विजेताओं से अंडरटेकिंग फॉर्म भरवाना चाहिए, ताकि कोई राजनीतिक कारण से इसे वापस न करे।

### मणिपुर के खिलाडियों ने अवॉर्ड लौटाने की बात कही

**मणिपुर** हिंसा को लेकर वहां के पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनका कहना था कि मणिपुर में हिंसा समाप्त हो और शांति बहाल की जाए, अगर सरकार इसमें विफल रहती है तो हम अपने अवॉर्ड वापस करेंगे।

# मुर्मू ने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया।मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रपति भवन प्रौद्योगिकी के माध्यम से पिछले एक वर्ष में ज़्यादा से ज़्यादा लोगों से जुड़ा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति भवन के अधिकारी प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग करके प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और प्रभावी बनाने का काम जारी रखेंगे।राष्ट्रपति के पद पर एक वर्ष का कार्यकाल के पूरा होने के मौके पर मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। उन्होंने राष्ट्रपति सम्पदा स्थित शिव मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। राष्ट्रपति सम्पदा स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय के खेल मैदान में उन्होंने क्रिकेट पवेलियन की आधारशिला रखी। उन्होंने इसके अलावा इंटेल इंडिया के सहयोग से राष्ट्रपति भवन द्वारा विकसित एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस दीर्घा का उद्घाटन किया। यह दीर्घा विद्यार्थियों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षकों द्वारा किए गये व्यापक नवाचारों और स्वदेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समाधानों को प्रदर्शित करती है। एक अन्य कार्यक्रम में राष्टपति ने वस्त्र संग्रह-सूत्र कला दर्पण का उद्घाटन किया। यह दीर्घा प्राचीन वस्त्रों के एक उल्लेखनीय संग्रह को प्रदर्शित करती है, जो राष्ट्रपति भवन की शानदार धरोहर है।


## HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

**ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट**

- मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- असाध्य घाव/शुगर के घाव
- कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133

डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in


# LAC विवाद ने भारत-चीन में विश्वास खत्म किया-डोभाल

**चीनी डिप्लोमैट वांग यी बोले- हम दुश्मन नहीं, हमारे रिश्तों का असर दुनिया पर पड़ेगा**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**दोनों डिप्लोमैट्स नें बेहतर रिश्ते बनाने पर सहमति**

**चीनी** न्यूज एजेंसी शिनहुआ के मुताबिक बैठक के दौरान दोनों राजनयिकों के बीच तनाव खत्म करने पर सहमति बनी। वांग ने डोभाल से दोनों देशों के बीच संबंधों को स्थिर करने की बात कही। इसके जवाब में डोभाल ने भी दोनों देशों के आपसी हितों का जिक्र किया। दोनों डिप्लोमैट्स से इस बात पर भी सहमति जताई कि भारत-चीन के बीच अच्छे द्विपक्षीय रिश्ते सिर्फ दोनों देशों के विकास के लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के बेहतर भविष्य के लिए जरूरी हैं।

**जोहान्सबर्ग।** भारत के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल ने मंगलवार को चीन के टॉप डिप्लोमैट वांग यी से मुलाकात की। जोहान्सबर्ग में फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स मीटिंग में शामिल हुए डोभाल ने कहा- साल 2020 से LAC के हालातों ने भारत-चीन के बीच रणनीतिक विश्वास को खत्म कर दिया है। वहीं, वांग यी ने दावा किया कि पिछले साल बाली में हुई बैठक के दौरान PM मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने को लेकर सहमति बनी थी। चीन की इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी BYD मोटर्स का भारत में प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव खारिज होने के बाद वांग यी ने इस पर दोबारा विचार करने की अपील की है।

### BYD प्लांट पर चीन बोला- भारत को फैसले पर दोबारा विचार करना चाहिए

वांग यी ने कहा- भारत और चीन एक दूसरे के दुश्मन नहीं है और नई दिल्ली को अपने फैसले पर दोबारा विचार करना चाहिए। दोनों देश चाहे एक-दूसरे का समर्थन करें या विरोध, इसका सीधा असर भारत-चीन के विकास और वैश्विक परिदृश्य पर पड़ेगा।

### AI और साइबर सिक्योरिटी पर भी हुई चर्चा

इसके अलावा डोभाल ने दुनिया में साइबर सिक्योरिटी और AI से जुड़े चैलेंज पर भी बात की। उन्होंने कहा- AI, बिग डेटा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी टेक्नोलॉजी के आने से साइबर खतरों की गंभीरता तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने साइबर स्पेस की चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त कोशिशों पर जोर दिया। डोभाल ने कहा कि इन चैलेंज का सामना करने के लिए भारत हमेशा ग्लोबल साउथ के साथ खड़ा रहेगा।

### जयशंकर ने कहा था- भारत-चीन बॉर्डर विवाद सबसे कठिन चैलेंज

इससे कुछ दिन पहले ही विदेश मंत्री एस जयशंकर भी ब्रिक्स की एक मीटिंग में शामिल हुए थे। इस दौरान भी उनकी वांग यी के साथ बॉर्डर विवाद और शांति प्रयासों को लेकर चर्चा हुई थी। तब जयशंकर ने भारत-चीन बॉर्डर पर पिछले 3 सालों से जारी तनाव को अपने करियर का सबसे कठिन डिप्लोमैटिक चैलेंज बताया था।

### गलवान झड़प के बाद तनाव

भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी पर करीब 3 साल पहले 2020 में हिंसक झड़प हुई थी। इसमें भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे, जबकि 38 चीनी सैनिक मारे गए थे।हालांकि, चीन इसे लगातार छिपाता रहा। गलवान घाटी पर दोनों देशों के बीच 40 साल बाद ऐसी स्थिति पैदा हुई थी। गलवान पर हुई झड़प के पीछे की वजह यह थी कि गलवान नदी के एक सिरे पर भारतीय सैनिकों अस्थाई पुल बनाने का फैसला लिया था। चीन ने इस क्षेत्र में अवैध रूप से बुनियादी ढांचे का निर्माण करना शुरू कर दिया था। साथ ही, इस क्षेत्र में अपने सैनिकों की संख्या बढ़ा रहा था।


पितृ दोष दूर करिए

पितृ मोक्ष की राह हुई आसान

## 16 दिन नियमित कराएं श्री गया जी में पितृ श्राद्ध



श्री गया जी में पूरे पितृ पक्ष के दौरान रहने, खाने एवं रुकने की व्यवस्था, पंडितों की दक्षिणा, 16 दिनों तक हवन, पिंडदान एवं ब्राह्मण भोजन की व्यवस्थाओं के चलते लाखों रुपए का खर्चा होता है। जिसे आम आदमी वहन नहीं कर पाता। इसलिए ऐसे लोगों के लिए **नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट** ने कम खर्चे में पितृ श्राद्ध जैसा पुण्य कार्य करवाने का बीड़ा उठाया है। प्रत्येक यजमान के साथ पिंडदान कार्य करवाने के लिए अलग से ब्राह्मण की व्यवस्था सहित इसके लिए श्राद्ध कर्म में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का आधा खर्चा संस्था वहन करेगी। जिसमें आने-जाने का किराया भी शामिल है। ये व्यवस्था लाखों में नहीं अपितु हजारों में ही हो जाएगी।

**पहले आओ, पहले पाओ संख्या सीमित है**

आप सोचेंगे कि अभी तो श्राद्ध पक्ष में बहुत समय बाकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्री गयाजी में अभी से तैयारियां होने लग गई हैं। इसलिए ऐनमौके पर व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। अत: श्राद्ध कराने के इच्छुक निम्न नंबरों पर अभी से सम्पर्क कर सकते हैं :-

**मो. नं. 8561088777, 9928022718, 9829118962**

-: सौजन्य से :-

**नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट**



संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### 246 राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में होंगे रूपांतरित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 246 राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस स्वीकृति से अजमेर के 13, अलवर के 20, बारां के 7, बाड़मेर के 6, भरतपुर के 10, बीकानेर के 8, चित्तौड़गढ़ के 3, दौसा के 12, धौलपुर के 8, डूंगरपुर के 5, गंगानगर के 7, हनुमानगढ़ के 11, जयपुर के 32, जालौर का 1, झुंझुनूं के 12, जोधपुर के 20, करौली के 5, नागौर के 18, राजसमंद के 8, सवाई माधोपुर के 13, सीकर के 8, टोंक के 12 तथा उदयपुर के 7 राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित किए जाएंगे। इन विद्यालयों में 57 प्राथमिक, 125 उच्च प्राथमिक तथा 64 उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से राज्य में शिक्षा का स्तर ऊपर उठ सकेगा तथा क्षेत्र के विद्यार्थी स्थानीय स्तर पर ही अंग्रेजी माध्यम में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

### 15 बच्चों का प्रवेश - शिक्षण शुल्क दिया

**उदयपुर@ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान ने मंगलवार हिरण मगरी स्थित आर्य समाज विद्यालय में प्राथमिक स्तर के 15 बच्चों का प्रवेश व शिक्षण शुल्क जमा करवाया साथ ही बच्चों को पेंसिल, कॉपी, कपड़े एवं छाते वितरित किये। संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह सभी बच्चे मध्यम परिवारों के हैं। इनका प्रतिमाह शिक्षण शुल्क वर्षभर संस्थान देगा।

### तीन दिवसीय राजस्थान उज्जवल प्रदर्शनी आज से

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** भारत सरकार की ओर से आयोजित तीन दिवसीय उज्ज्वल राजस्थान 2023 प्रदर्शनी 27 से 29 जुलाई तक होटल इन्दर रेजीडेन्सी में प्रारम्भ होगी। इस प्रदर्शनी में भारत सरकार के विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालय भाग ले रहे है। जिसमें इसरो, रक्षा अनंसुधान एवं विकास संगठन जैसे अनेक विभाग सम्मिलित है।

नहीं सहेगा राजस्थान अभियान

# प्रदेश सरकार के कुशासन का अंत करने की एक मुहिम-आक्या

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** प्रदेश भाजपा द्वारा राजस्थान का भविष्य सुरक्षित रखने की मुहिम नही सहेगा राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को विधायक चन्द्रभान सिहं आक्या व जिलाध्यक्ष मिट्ठुलाल जाट द्वारा बस्सी में अभियान की शुरूआत की। इस दौरान बस्सी बस स्टेण्ड पर भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ द्वारा प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी व कुशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विधायक सिंह आक्या ने कहा कि गत पांच वर्ष के कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सम्पूर्ण प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है।

भ्रष्टाचार, कुशासन, सांप्रदायिक दंगो ने प्रदेश को गर्त में धकेल दिया है। नौकरियो के पेपर लीक से प्रदेश का युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। महिलाओ व पिछड़ो के विरूद्ध बढ़ते अपराध ने लोगो का जीना मुश्किल कर दिया है। कांग्रेस की महिला विधायक खुलेआम स्वयं को असुरक्षित होने का बयान दे रही है, सरकार अपने विधायकों की सुरक्षा नहीं कर पा रही है तो जनता की क्या करेगी। प्रदेश में बढ़ते महिला अपराधो पर सरकार के मंत्री द्वारा विधानसभा में खुद के गिरेबान में झाकने के बयान पर उसे मंत्रीमण्डल से बरखास्त कर दिया जाता है।

अब वही कांग्रेस का विधायक सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री व मंत्रीयो पर खुलकर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे है। आज की तारीख मे प्रदेश की जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है। जनता ने इस सरकार को विदा करने का पूर्णतया मन बना लिया है। विधायक आक्या ने कहां कि नही सहेगा राजस्थान कांग्रेस सरकार के कुशासन से पीड़ित उन करोड़ो लोगो की आवाज को बुलन्द करने और प्रदेश सरकार के कुशासन का अंत करने की एक मुहिम है। आज प्रदेश के हर गांव, ढाणी से एक ही आवाज निकल रही है नही सहेगा राजस्थान। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मिठ्ठुलाल जाट ने कहां कि राहत केंपो के माध्यम से सरकार प्रदेश वासियो को गुमराह कर रही है। बिजली के बिल पहले के मुकाबले ज्यादा आ रहे है। इस सरकार के कार्यकाल में सांप्रदायिक दंगे पहले से 10 गुना ज्यादा बढ़ गये है।

इस सरकार के कुशासन में अनेक निर्दोष लोग सांप्रदायिक दंगो के शिकार हुए। प्रदेश में कई हिंदु त्योहारो पर धारा 144 व शोभा यात्राओ पर प्रतिबंध लगाये गये जो अब राजस्थान प्रदेश की जनता नही सहेगी। इस मौके पर भंवर सिंह खरड़ी बावड़ी, हर्षवर्धन सिंह, कमलेश पुरोहित, सीपी नामधराणी, रामेश्वर धाकड़, सोहनलाल खटीक, किशन सुथार, नंदकिशोर कोठारी,घीसुलाल भांबी, पूर्व बगदीराम धाकड़, विमला मीणा, प्रमोद कोठारी, जगदीश कोठारी, हरिश चंद्र सिंह, कर्नल रणधीरसिंह, जगदीश भाण्ड, यशवंत पुरोहित, बाबुलाल गुर्जर, श्यामलाल शर्मा, गोपालसिंह, द्वारका प्रसाद सुथार, तुलसीराम वैष्णव, कैलाश गुर्जर, जगदीश सिसोदिया, धीरज खटीक, तरूण सुथार, पन्ना लाल पुरोहित, सत्यनारायण आचार्य, नरेन्द्र व्यास, प्रहलाद मूंदडा, सत्यनारायण चौहान, सांवत सिंह, रूप सिंह, सम्पत शर्मा सहित शक्ति केन्द्र संयोजक, बुथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पायलट सहित 19 विधायकों के निलंबन का मामला :24 अगस्त को होगी फाइनल सुनवाई

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सचिन पायलट सहित 19 विधायकों को निलंबित करने के स्पीकर के नोटिस के मामले में राजस्थान हाई कोर्ट 24 अगस्त को फाइनल सुनवाई करेगा। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने आया कि मामले में केन्द्र सरकार ने तीन साल में भी जवाब पेश नहीं किया। इस पर अदालत ने केन्द्र सरकार को तीन सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की फाइनल सुनवाई 24 अगस्त को तय की हैं। दरअसल यह पूरा मामला जुलाई 2020 का हैं। जब सियासी संकट के समय विधानसभा में मुख्य सचेतक महेश जोशी ने व्हिप जारी किया था।लेकिन पायलट सहित 19 विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे थे। इस पर स्पीकर ने विधायकों को निलंबित करने का नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया था। जिसे पायलट सहित अन्य विधायकों ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर हाई कोर्ट ने स्पीकर के आदेश पर रोक लगा दी थी। यह रोक अभी भी चली आ रही है।

### स्पीकर के पावर को दी गई थी चुनौती

विधानसभा स्पीकर के अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने बताया कि इस पूरे प्रकरण में पायलट सहित अन्य विधायकों ने विधानसभा स्पीकर की पावर को चुनौती दी थी। विधायकों का कहना था कि स्पीकर के पास विधायकों को निलंबित करने का पावर नहीं हैं। विधायकों ने संविधान की 10वीं अनुसूची (दल-बदल कानून) के प्रावधानों को चुनौती दी थी। इस पर हाई कोर्ट ने 24 जुलाई 2020 को केन्द्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब देने के लिए कहा था। लेकिन करीब 3 साल बाद भी केन्द्र सरकार ने जवाब पेश नहीं किया।

# सेवाकार्यों के साथ मनाया जायेगा डॉ शर्मा का जन्मदिवस

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** केकड़ी ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री,गुजरात कांग्रेस के प्रभारी, केकड़ी विधायक डॉ रघु शर्मा का जन्मदिवस 26 जुलाई बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष हेमन्त जैन ने बताया कि डॉ शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर प्रातः 9 बजे कादेडा रोड़ स्थित बढ़ते कदम गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड़ खिलाया जाएगा। इसके पश्चात 9:30 बजे पटेल मैदान स्थित कांग्रेस कार्यालय पर डा.रघु शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटा जाएगा और मिठाई वितरित की जाएगी। तत्पश्चात राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती रोगियों को फल बिस्किट वितरित किए जाएंगे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की जाएगी तत्पश्चात जिला अस्पताल परिसर के उद्यान में पौधारोपण किए जाएंगे। केकड़ी को जिला बनाने एवं आधुनिक केकड़ी क्षेत्र के निर्माता, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ रघु शर्मा से आशीर्वाद प्राप्त करने एवं उनको जन्मदिन की बधाई, शुभकामनाएं देने हेतु केकड़ी शहर व केकड़ी देहात के सभी जनप्रतिनिधि, कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, अजमेर रोड पर विधायक डॉ शर्मा के फार्म हाउस पर पहुंचकर डॉ रघु शर्मा का 21 किलो के पुष्प हार से स्वागत किया जाएगा।

गोपाल कृष्णन स्ट्रिंग्स फाउंडेशन का जोया बैठक-2023 आयोजित

# अक्षत ने गिटार पर राग पूरिया कल्याण और पं.अजय प्रसन्ना ने बांसुरी पर किया राग चन्द्रकौंस का शृंगार



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शास्त्रीय संगीत के युवा कलाकार अक्षत शर्मा ने स्लाइड गिटार वादन ने सुरों की खूबसूरत आईनबंदी कर मौजूद दानिशमंद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। इस मौके पर देश-दुनिया के मकबूल ग्रैमी अवॉर्ड विनर पं.अजय शंकर प्रसन्ना ने भी बांसुरी साज पर सुरों के खूबसूरत लगाव वे घराने की खुशबू बिखेरी। जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के मिनी थिएटर में गोपाल कृष्णन स्ट्रिंग्स फाउंडेशन की तरफ से संजोए बैठक-2023 कार्यक्रम में दोनों फनकारों ने अपने कमाले फन का उम्दा प्रदर्शन कर सभाागार का कोना-कोना सुरीले सुरों से सराबोर कर दिया। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम कलाकार अक्षत के जन्नतनशीं गुरु पिता पं. श्रीकृष्ण शर्मा के जन्मदिवस पर संजोया गया।

### अक्षत ने छलकाए चौथी पीढ़ी के विरासती सुर

आकाशवाणी के डिप्टी जनरल पं. श्रीकृष्ण शर्मा के शिष्य बेटे अक्षत शर्मा ने अपने स्लाइड गिटार वादन में विरासत में मिले सबक से रूबरू कराया। उ-न्होंने राग पूरिया कल्याण के लालित्यपूर्ण सुर साधे।

### पं.प्रसन्ना ने बांसुरी पर बिखेरा सुरों का सलोनापन

कार्यû म में ग्रैमी अवॉर्ड विनर पं.अजय शंकर प्रसन्ना ने भी बांसुरी साज पर सुरों का सम्मोहन बिखेरा। इस मकबूल कलाकार ने बांसुरी पर सुरीले सुरों से राग चन्द्रकौंस का श्रृंगार कर सलोनापन छलकाया। अंत में उन्होंने रचना याद पिया की आए... की सुरीली धुन से अपने कार्यû म को विराम दिया। इस कलाकार के साथ भी तबला नवाज उस्ताद रफीउद्दीन साबरी ने दमदार संगत कर सुधी श्रोताओं की तालियां बंटोरी।

## एनसीएम सिटी की आमसभा संपन्न

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** चित्तौड़गढ़ न्यू क्लॉथ मार्केट निर्माण सहकारी समिति अध्यक्ष डॉ आई एम सेठिया ने समिति की 48 वीं वार्षिक आम सभा में अध्यक्षयीय वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि सहकारी क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर स्वर्ण जयंति वर्ष तक आदर्श समिति के रूप में विकसित के ठोस प्रयास किए जाएंगे तथा प्रशासन के सहयोग से समिति की सभी समस्याओं का निराकरण कराने के साथ ही केशव माधव सभागार को और सुविधायुक्त बनाया जायेगा। उन्होंने अतिû मी सदस्यों को चेतावनी देते हुए कहा की सदस्य अतिû मण हटाकर बाजार के नियमो का पालन करे अन्यथा समिति अतिû मी सदस्यों की सदस्यता समाप्त कर कानूनी कार्रवाई करेगी। सोहनलाल तनवानी के अनुसार उपाध्यक्ष ओमप्रकाश खटोड़, ऋषभ डांगी, प्रकाश पटवारी, कैलाश टेलर, मुबारक हुसैन, विमला नाहेटा, पुष्पा सुवालका, नारायण जागेटिया के सानिध्य में आमसभा का मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। आम सभा की कार्यवाही का अनुमोदन कराया। निदेशक ऋषभ डांगी ने वार्षिक अंकेशित लेखा विवरणी व बजट प्रस्तुत कर सदन से अनुमोदन कराया। बैठक में गोविंद काबरा, अमानत अली, इकबाल हुसैन, यूसुफ मंसूरी, प्रसून शर्मा, अशोक सेन, राजचंद्र चौधरी, गीतादेवी टेलर, राधेश्याम टेलर आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## मूक बधिर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यû म के तहत श्री सांवरिया जी बहुउद्देशीय दिव्यांग विद्यालय में मूक बधिर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी धायगुडे स्नेहल नाना ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष समारिया के निर्देशन में स्वीप गतिविधियों के तहत यह प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया है।

## मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन 27 को

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** बोजुंदा में नव निर्मित मेडिकल कॉलेज का 27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीकर दौर के दौरान वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी वर्चुअल मौजूद रहेंगे। उद्घाटन कार्यû म को लेकर मेडिकल कॉलेज में तैयारिया जोरों पर है। मेडिकल कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. विजय गुप्ता ने बताया कि करीब दो हजार जनों के बैठने के लिए वाटर प्रूफ टैंट लगाए जा रहे है, साथ ही एलईडी भी लगाई जा रही है। कार्यû म में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, प्रभारी मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यû म को लेकर एडीएम अभिषेक गोयल को नोडल अधिकारी बनाया गया। सीएमएचओ की ओर राज्य सरकारी की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व में भी 14 नवंबर 2022, 10 मई 2023 को भी कार्यû म निरस्त हो चुके है।

## शारीरिक शिक्षकों की दो दिवसीय वाकपीठ 27 से

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** प्रारम्भिक शिक्षा के शारीरिक शिक्षकों की वाकपीठ 27 से 28 जुलाई तक ब्लॉक बड़ीसादड़ी के तत्वावधान में धुणीमाता स्थल पर आयोजित की जाएगी।जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस वाकपीठ में जिले के उप्रावि में कार्यरत शारीरिक शिक्षक आवश्यक रूप से भाग लेंगे। पारस कुमार टेलर ने बताया कि दो दिवसीय इस संगोष्ठी में विभिन्न वार्ताकारों द्वारा खेलों की नवीन जानकारी व वार्ताएँ प्रस्तुत की जाएगी। खेलकूद अनुभाग के जगदीश खटीक के अनुसार संगोष्ठी में दो दिन तक आने वाले खेलकूद प्रतियोगिताओं के दिशा निर्देशों पर मंथन होगा। वाकपीठ अध्यक्ष तिलकेश आचार्य ने सभी से इस वाकपीठ में भाग लेने का आह्वान किया। वाकपीठ में 200 प्रतिभागी भाग लेंगे जिसकी समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है।

# बैग और ड्रेस पाकर झूमे बच्चे



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**खारिया आनावास।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खारिया आनावास में भामाशाहों ने निःशुल्क बैग व गणवेश बांटी। गायत्री परिवार के मदनलाल बागड़ा ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को पीपाड़ शहर के भामाशाह शुभम जैन, राकेश कांकरिया व नथमल गिया ने तीस गणवेश व बीस बैग बांटे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुफतलाल सोनेल व गौरव सैनानी अणदाराम चौधरी के कर कमलों से निःशुल्क बैग व गणवेश का वितरण करवाया गया। संबोधित करते हुए कहा की सभी नियमित बैग लेकर विद्यालय पहुंचे। बेहतर तरीके से अध्ययन का कार्य करें। कहा कि विद्यालय सभी को बेहतर शिक्षा देने की दिशा में गंभीर है जरुरत है मन लगाकर पढ़ने की जो भी पढ़ाई विद्यालय में होती है उसे घर में पहुंचकर अभ्यास करने का प्रयास करें। यदि पढ़ने में कठिनाई हो तो दूसरे दिन विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों से आवश्यक सुझाव लें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी वस्तु है जिसे लेकर अपने आप को संस्कारित कर सकते हैं। अभी से ही संस्कारित रहें, प्रतिदिन अध्ययन का कार्य करें। अपने स्वास्थ्य आदि पर भी ध्यान दें। यदि शिक्षकों के बताए रास्ते पर चलेंगे तो निश्चित रूप से उन्नति होगी, कार्यक्रम के पश्चात शाला परिवार ने सभी भामाशाहों का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर माणक चंद पटेल, हरदीन राम खदाव,पाबू राम पीटीआई, भंवरलाल विश्नोई, अशोक डूडी, पवन कुमार दाधीच, श्रवणदान शून्य, तेजसिंह भाटी, बुधाराम, चन्द्राराम नायक व विद्यालय स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

## पर्यावरण को बचाने के लिए लिया संकल्प,लगाएंगे 101 पौधे



**आकड़ली बक्शीराम @ जागरूक जनता।** ग्राम पंचायत आकड़ली बक्शीराम के उप स्वास्थ्य केंद्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ANM सरिता चौधरी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए 101 पौधों का संकल्प लिया गया और परिसर में वृक्षारोपण किया गया सरिता चौधरी ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित होने के साथ ही मनुष्य का जीवन भी सुरक्षित होगा। पेड़ पौधे जीवन का आधार है। पर्यावरण के बिना जीवन संभव नहीं है। इसलिए सभी को मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। आज जब पूरा विश्व के सभी जीव जगत प्रदूषण की समस्या से त्रस्त है हम सब को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण करने की आवश्यकता है इस दौरान दीपा चौहान,आशा गंगा देवी,अणदू देवी आदि ने वृक्षारोपण में भाग लिया।

## ऑनलाइन कला बहार महोत्सव आयोजित

**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम ग्रुप द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन कला बहार महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में कई कलाकार शख्सियतों ने भाग लिया। जिन्होंने दी गई भिन्न-भिन्न कलाओं में से अपनी इच्छा से एक कला का चयन करके चयनित कला में एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। महोत्सव में बेहतरीन प्रतिभा प्रदर्शित करने वाली कलाकार शख्सियतों को ऑनलाइन 'पुनीत कला गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने महोत्सव में प्रस्तुत की गई भिन्न-भिन्न कला प्रतिभाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर कलाकार शख्सियतों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया तथा प्रतिभागी कलाकार शख्सियतों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस महोत्सव में बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर ग्रुप की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम रंजीता अवस्थी और रुचि गुप्ता के रहे।

